


# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर- हिंदी दैनिक समाचार पत्र



क्विंटन डि कॉक ने संन्यास से वापसी का फैसला लिया, इस एशियाई टीम के खिलाफ.... -पेजः 7

लुक को लेकर हुई ट्रोलिंग पर अनन्या का ट्रोलर्स को दिया जवाब -पेजः 8

वर्षः 01 | अंकः 166 | मंगलवार 23 सितंबर 2025 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2 रुपए


## एच-1बी वीजा और टैरिफ पर आरएसएस चीफ मोहन भागवत का बयान-भारत को अपना रास्ता खुद बनाना होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी):** आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत ने हाल ही में अमेरिकी टैरिफ और एच-1बी वीजा फीस जैसे मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि भारत को अमेरिकी फैसलों से पैदा होने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए जो भी जरूरी हो, वह करना चाहिए। क्या कहा मोहन भागवत ने? भागवत ने कहा कि दुनिया के सामने आज जो परिस्थितियां हैं, वे पिछले 2000 सालों से अपनाई गई विकास और सुख पर आधारित व्यवस्था का नतीजा हैं। उनका मानना है कि हमें इन चुनौतियों से मुंह न मोड़ करने इनसे निपटने के लिए अपना खुद का रास्ता बनाना होगा। उन्होंने जोर देकर कहा, "हम आंख मूंदकर आगे नहीं बढ़ सकते। हमें अपना रास्ता खुद



बनाना होगा।" संघर्ष और स्वार्थ का दृष्टिकोण आरएसएस प्रमुख ने यह भी कहा कि भविष्य में हमें इन समस्याओं का बार-बार सामना करना पड़ेगा, क्योंकि दुनिया का दृष्टिकोण 'मैं' और बाकी दुनिया या 'हम' और 'वे' पर आधारित है। हर किसी के अपने-अपने हित हैं और इसलिए संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा, "सिर्फ राष्ट्र हित ही मायने नहीं रखता। मेरा भी हित है। मैं सब कुछ अपने हाथ में रखना चाहता हूँ।" 'विश्वगुरु' बनने का रास्ता भागवत के अनुसार यदि भारत 'विश्वगुरु' और 'विश्वामित्र' बनना चाहता है, तो उसे अपनी पारंपरिक विश्वदृष्टि को अपनाना होगा। उन्होंने इस दृष्टिकोण को 'सनातन' बताया, जो हमारे पूर्वजों के हजारों वर्षों के

**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल में हुई हालिया हिंसा पर टिप्पणी करते हुए शुक्रवार को कहा कि न्यायिक आयोग की एक दिन पहले सौंपी गई रिपोर्ट दंगों की**

अनुभवों से बना है। उन्होंने कहा कि यह कोई पुरानी सोच नहीं है, बल्कि यह एक आरएसएस दर्शन है। आरएसएस की आर्थिक नीति आरएसएस हमेशा से ही अर्थव्यवस्था पर स्वदेशी और आत्मनिर्भरता पर जोर देता रहा है। स्वदेशी जागरण मंच के जरिए आरएसएस वैश्वीकरण के खिलाफ एक 'भारतीय मॉडल' की वकालत करता है, जिसमें स्टार्टअप्स और इनोवेशन को भी शामिल किया गया है।

## मोदी को अपने संबोधन में जम्मू-कश्मीर के पूर्ण राज्य के दर्जे के बारे में बात करनी चाहिए थी: फारूक

**नई दिल्ली (एजेंसी):** नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की बात करनी चाहिए थी। मोदी ने रविवार शाम अपने संबोधन में लोगों को जीएसटी सुधार के फायदे बताए। संशोधित जीएसटी दरें सोमवार से लागू हुईं। अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से कहा, आप जीएसटी की बात कर रहे हैं, अच्छा होता अगर आपने (मोदी) अपने संबोधन में हमारे राज्य के दर्जे पर बात की होती। जब उनसे पूछा गया कि क्या नेकां को उच्चतम न्यायालय से अनुकूल फैसले की उम्मीद है, तो अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का हर नागरिक राज्य का दर्जा बहाल होने



की उम्मीद लगाए बैठा है। राज्य का दर्जा बहाल करने के मुद्दे पर याचिका अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। उन्होंने कहा, सिर्फ नेशनल कांफ्रेंस ही नहीं, बल्कि सभी को उम्मीद है कि हमें फिर से राज्य का दर्जा मिलेगा। जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के अध्यक्ष यासीन मलिक के मुकदमे से संबंधित एक सवाल पर पूर्व मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने कहा कि यह अदालत का विषय है। उन्होंने कहा, फैसला अदालत करती है। अदालत ही तय करेगी। हमारी इसमें कोई भूमिका नहीं है। मलिक को फरवरी 2019 में गिरफ्तार किया गया था और वह आतंकवाद को वित्तपोषित करने के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा है। उस पर कई मामले लंबित हैं, जिनमें 1990 में रुबैया सईद के अपहरण और रावलपोरा में वायुसेना के कर्मियों पर हमले का मामला भी शामिल है। अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर में शासन व्यवस्था को उस्तरे की धार पर चलने जैसा करार दिया। उन्होंने कहा लेकिन हमें उस पर चलना है और पीछे नहीं हटना है। डोडा से आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक मेहराज मलिक की गिरफ्तारी को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में अब्दुल्ला ने कहा कि विधायक द्वारा इस्तेमाल की गई अनुचित थी, लेकिन उन्हें सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत गिरफ्तार करना भी गलत था। उन्होंने कहा, मलिक द्वारा इस्तेमाल किए गए शब्द अनुचित थे, लेकिन पीएसए लगाना (भी) गलत था। इसे बातचीत से सुलझाया जा सकता था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।







## संपादकीय

# ट्रंप का वीजा बम

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रोजाना कुछ न कुछ ऐसा कर रहे हैं, जिससे भारत सरकार और भारतीय निशाने पर आ जाते हैं। ट्रंप आड़ तो अपने देश के युवाओं के रोजगार बढ़ाने की ले रहे हैं, लेकिन हमला भारतीय युवाओं की आकांक्षाओं पर कर रहे हैं। अभी अमेरिका से भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क का मामला सुलझा भी नहीं है कि ट्रंप ने एच1बी वीजा का बम गिरा दिया है। एच1बी वीजा शुल्क को सालाना 100,000 अमेरिकी डॉलर तक बढ़ा दिया है। इस कदम से अमेरिका में काम करने वाले भारतीय पेशेवरों, जिनमें बड़ी संख्या में आईटी से जुड़े हैं, पर गंभीर असर पड़ेगा। भारतीय आईटी कंपनियों के शेयरों में आई गिरावट ने असर की झांकी दिखा दी है। अमेरिका का दावा है कि एच1बी वीजा का बहुत दुरुपयोग होता है। इसकी शुरूआत उन उच्च कुशल कामगारों को अमेरिका में आने की अनुमति देने के लिए की गई थी, जो उन क्षेत्रों में काम करते हैं, जहां अमेरिकी काम नहीं करते। 100,000 डॉलर के शुल्क के बाद सुनिश्चित होगा कि वास्तव में कुशल लोग ही अमेरिका आएं और अमेरिकी कामगारों का स्थान नहीं लें। ट्रंप का तर्क है कि रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड कार्यक्रम के तहत प्रति वर्ष 281,000 लोगों को अमेरिका में प्रवेश मिलता है, तथा ये लोग औसतन प्रति वर्ष 66,000 अमेरिकी डॉलर कमाते हैं तथा सरकारी सहायता कार्यक्रमों का भारी लाभ उठाते हैं। हम इसे बंद करने जा रहे हैं। इस कदम का उन भारतीय कर्मचारियों पर गहरा असर पड़ेगा जिन्हें प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियां और अन्य कंपनियां एच1बी वीजा पर नियुक्त करती हैं। ये वीजा तीन साल के लिए वैध होते हैं, जिन्हें तीन साल के लिए नवीनीकृत किया जा सकता है। आदेश के कुछ घंटों बाद शनिवार को अमेरिका में एच1बी वीजा पर रह रहे भारतीयों में भ्रम व चिंता व्याप गई। कई भारतीयों ने भारत यात्रा की अपनी योजना रद्द कर दी। जो भारत आए हुए थे उनमें जल्द से जल्द लौटने की मारामारी मच गई। हालांकि बाद में कहा गया कि यह शुल्क नये आवेदकों पर ही लागू होगा। पुराने वीजा धारक प्रभावित नहीं होंगे। कांग्रेस पार्टी अमेरिका के फैसले के बाद प्रधानमंत्री मोदी पर हमलावर हो गई। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने तल्ख टिप्पणी की कि आपके जन्मदिन पर फोन कॉल के बाद आपको जो जवाबी तोहफा मिला है, उससे भारतीय नागरिकों को दुख हुआ है। गले मिलना, खोखले नारे लगवाना और संगीत कार्यक्रम करवाना कोई विदेश नीति नहीं है। हमें अपने हितों के लिए गंभीर होना होगा।

## चिंतन-मनन

# ध्वनि का प्राणी शरीर पर प्रभाव

यह जानकर खुश होगें की ध्वनि का प्रभाव प्रत्येक जीव के शरीर पर पड़ता है। वर्तमान औधोगिकी करण और तकनीकि से ध्वनि प्रदूषण अधिक मात्रा में बढ़ रहा है। इस ध्वनि प्रदूषण के परिणाम देखते हुये नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. राबर्ट कॉक ने सन् 1925-26 में एक बात कही थी एक दिन ऐसा आयेगा, जब पूरे विश्व में स्वस्थ्य का सबसे बड़ा शत्रु ध्वनि प्रदूषण होगा। यह ध्वनि प्रदुषण दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। मानव का मन, मस्तिष्क और शरीर बहुत संवेदन शील हैं। यह ध्वनि तरगों के प्रति भी बेहद संवेदन शील है। जैसे जब कोई संगीत सहित, गीत गाता है,या वाद्य बजाता है तो मन अपने आप उस पर केन्द्रित हो जाता है उसे सुनते ही अंग-अंग थिरकने लगता है, मन प्रसन्नता से भर जाता है, शरीर में आनंद की लहर छा जाती है। इसके विपरीत कानो को अप्रिय लगने वाली तेज ध्वनि सुनाई देती है तब मानव को शारीरिक और मानसिक दोनो तरह की परेशानी होती है। जिससे व्यक्ति का मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है एवं स्वस्थ्य खराब हो जाता है। वह बहरा और पागल भी हो सकता है।

डेसी बल ध्वनि की तीब्रता नापने की इकाई है। इसका अविष्कार ह्यग्राहमबेलह्ल बैज्ञानिक ने किया था। आधुनिक वैज्ञानिकों का कहना है कि 150 डेसीबल की ध्वनि बहरा भी बना सकती है। 160 डेसीबल की ध्वनि त्वचा जला देती है। 180 डेसीबल की ध्वनि मौत की नींद सुला सकती है। 120 डेसीबल की ध्वनि ह्दयगति बढ़ना प्रारंभ हो जाती है। जिससे ह्दय रोग एवं उच्च रक्त चाप की बीमारी जन्म लेती है। हर मानव को 60 डेसीबल तक की ध्वनि वाले वातावरण में रहना चाहिए प्रदूषण की श्रेणी में 75 डेसीबल से अधिक की ध्वनि शोर आता है। ध्वनि प्रदुषण से आंखों की पुतली का मध्य छिद्र फैल जाता है, आमाशय और ऑतों पर घातक प्रभाव से पाचन क्रिया बिगड़ जाती है। इससे शरीर की प्रति रोधी क्षमता घट जाती है, ग्रनथियों से हार्मोन्स का श्राव अनियमित हो जाता है, स्नायु खिच जाते है, शरीर में थकान, मानसि तनाव, चिड़चिड़ापन, अनिद्रा, स्मरण शक्ति कमजोर हो जाती अतः हमें तेज ध्वनि से बचना चाहिए।


## आवश्यकता है

आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552


# अमेरिका के लिए आत्मघाती होंगी ट्रम्प की नीतियां




दिलीप कुमार पाठक

अमेरिकी इतिहास जब लिखा जाएगा तो लिखा जाएगा कि एक राष्ट्रपति ऐसे बने थे, जो दुनिया बदल डालने, अपनी उंगली पर नचाने की हनक पाले हुए थे, परंतु खुद भी मजाक के पात्र बन गए थे। आज डोनाल ट्रम्प अमेरिकी इतिहास के सबसे हास्यापद राष्ट्रपति के रूप में जाने जाते हैं, ट्रम्प सुबह पाकिस्तान के साथ होते हैं तो शाम को भारत के पक्ष में हो जाते हैं।। कभी चाइना के राष्ट्रपति की तारीफों के पुल बांधने लगते हैं तो कभी रसिया के राष्ट्रपति के सम्मान में नारे लगाने लगते हैं। कभी भारत को मित्र बताते हैं तो कभी भारत को सबसे बड़ा दुश्मन... समझ नहीं आता कि ट्रम्प ऐसा क्यों कर रहे हैं। जब से ट्रम्प दोबारा राष्ट्रपति बने हैं, तब से ऐसा कोई भी दिन नहीं गया जिस दिन उन्होंने भारत के खिलाफ गलत बयानी न किया हो। पहले 50% टैरिफ लगा दिया, और अब एच-1 वीजा में सख्ती लगा दी है। ट्रम्प भली भांति जानते हैं कि दक्षिण एशिया में चीन की दादागिरी के सामने अगर कोई टिक सकता है तो वो केवल और केवल भारत है। अन्यथा दक्षिणी एशिया में चाइना अमेरिका की धज्जियाँ उड़ा देगा। ट्रम्प हर दिन भारतीय मीडिया में छाए रहते हैं। आजकल अपनी वीजा पॉलिसी के लिए खबरों में हैं। हर दिन ट्रम्प भारत के खिलाफ निर्णय लेते हैं जिससे भारत के बाजार में हलचल हो भारतीय लोगों को परेशानी का कारण पड़ता है। ट्रम्प को भूलना नहीं चाहिए कि भारत एक संप्रभुता वाला राष्ट्र है,

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच1-बी वीजा को लेकर बड़ा ऐलान किया है। एच1-बी वीजा के लिए आवेदन शुल्क को बढ़ाकर 100000 डॉलर यानी लगभग 84 लाख रुपये कर दिया गया है। इस घोषणा के बाद अमेरिका में काम कर रहे भारतीयों में हड़कंप मचा हुआ है। अमेरिका में एच1बी वीजा धारकों की सबसे बड़ी संख्या भारतीयों की है, जिन्हें अब अपनी नौकरी पर खतरा नजर आ रहा है। असमंजस की स्थिति और बढ़ गई जब अमेरिकी दिग्गज कंपनियों ने कर्मचारियों को 20 सितम्बर तक हर हाल में अमेरिका वापस लौटने की सलाह दी। इस बीच वॉइट हाउस ने बयान जारी कर स्थिति को साफ किया है। वॉइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने शनिवार को स्पष्ट किया है कि हाल ही में घोषित 10000 डॉलर का एच1-बी वीजा शुल्क केवल नए वीजा आवेदनों पर लागू होगा। उन्होंने साफ कहा कि यह वार्षिक शुल्क नहीं है। दरअसल ट्रंप की एच1-बी वीजा में व्यापक बदलाव की योजना ने भारतीय आईटी पेशेवरों और कंपनियों में यह आशंका पैदा कर दी है कि अमेरिका से बाहर रहने वाले वीजा होल्डर को वापस लौटने के लिए तत्काल समय सीमा का सामना करना पड़ सकता है। ट्रंप प्रशासन के इस फैसले को लेकर भारत में जबरदस्त हलचल हो गई है क्योंकि बड़ी संख्या में भारतीय प्रोफेशनल्स एच-1बी वीजा प्रोग्राम के तहत अमेरिका में नौकरी करने जाते हैं। देखा जाए तो इस कदम से भारतीय परिवारों के लिए मुश्किल पैदा हो सकती है। भारत सरकार ने उम्मीद जताई कि इन मुश्किलों को अमेरिकी अधिकारी सही ढंग से हल कर सकते हैं। भारत और अमेरिका दोनों देशों के उद्योग जगत की इनोवेशन और क्रिएटिविटी में हिस्सेदारी है और उनसे आगे बढ़ने के बेहतर रास्ते पर परामर्श की उम्मीद की जा सकती है। स्किल्ड लोगों की आवाजाही ने अमेरिका और भारत में प्रौद्योगिकी विकास, इनोवेशन, आर्थिक वृद्धि, प्रतिस्पर्धा और संपन्नता बढ़ाने में बहुत बड़ा योगदान दिया है। इसलिए, नीति-निमार्ता हाल के अमेरिकी फैसले का आकलन आपसी हितों को ध्यान में रखते हुए करेंगे, जिसमें दोनों देशों के बीच गहरे पीपल -टू पीपल संबंध भी शामिल हैं।

एक बड़ी चिंता यह खड़ी हो गई है कि ट्रंप प्रशासन के इस फैसले के बाद क्या भारत में ऐसे लोग जो अमेरिका जाकर काम करने की ख्वाहिश रखते हैं और सपना देखते हैं, उनका यह सपना टूट जाएगा क्योंकि कंपनियां किसी कर्मचारी के लिए इतनी बड़ी राशि का भुगतान करने के लिए शायद तैयार नहीं होगी। यह फैसला 21 सितंबर से लागू होगा। कहा जा रहा है कि अमेरिका के इस फैसले का सबसे ज्यादा असर भारतीयों पर ही होगा। दो लाख से ज्यादा भारतीयों पर इसका सीधे तौर पर असर पड़ सकता है। अमेरिकी आईटी कंपनियों में काम करने वालों पर असर पड़ेगा। अब अमेरिका में कम नौकरियों के अवसर होंगे। अमेरिकी यूनिवर्सिटी में मास्टर या पीएचडी करने वाले छात्रों पर असर पड़ेगा। पढ़ाई पूरी करने के बाद अमेरिका में सीमित अवसर होंगे. अगर आप पढ़ाई करने गए और वहां पर आप नौकरी का अवसर तलाशते हैं तो वो भी सीमित हो जाएंगे क्योंकि वरीयता होगी अमेरिका के लोगों को लिया जाए। भारतीय छात्रों और लोगों पर आर्थिक दबाव बढ़ेगा। अमेरिका में करियर की शुरूआत करने वालों को दिक्कत होगी। अमेरिका में अधिकर भारतीय आईटी क्षेत्र में कार्यरत होते हैं। यानी कि जो लोग जो आईटी प्रोफेशनल्स है या फिर दूसरी कंपनी में काम करते हैं, उनके लिए सबसे ज्यादा इसका असर पड़ने वाला है। मिड-लेवल और एंट्री लेवल कर्मचारियों को वीजा मिलने में मुश्किल आएगी।



अमेरिकी कंपनियां नौकरियां दूसरे देशों से आउटसोर्स कर सकती हैं। यानी अब जो दूसरे देश है वहां पर भी इसका उनको अवसर मिलेगा, यानि भारतीयों को भारत के लोगों को इसका सीधा नुकसान हो रहा है।

यह कदम केवल भारतीयों पर ही नहीं, बल्कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था पर भी असर डालेगा, इसका सीधा असर अमेरिका में भी पड़ेगा, वहाँ की आर्थिक स्थिति पर असर होगा, परंतु डोनाल्ड ट्रम्प ने ठान लिया है कि अमेरिका को चाहे जितना नुकसान हो जाए, चर्चा में बने रहने के लिए अनाप - शनाप निर्णय लेते रहेंगे। इसलिए कहना गलत नहीं कि अमेरिकी इतिहास के सबसे अपरिपक्व राष्ट्रपति सिद्ध होंगे।

# रूस की चेतावनी नई वैश्विक कूटनीतिक व्यवस्था का संकेत



उमेश चतुर्वेदी



रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने दावा किया कि भारत और चीन पर अमेरिका की टैरिफ धमकी बेअसर हो रही है और वाशिंगटन में दोनों प्राचीन सभ्यताओं के साथ ऐसी भाषा के प्रयोग की निरर्थकता को लेकर बहस चल पड़ी है।

भारत और चीन के खिलाफ जारी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ युद्ध के खिलाफ रूस का खुलकर उतरना वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव का उदाहरण है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव का दोनों देशों के पक्ष में खुलकर उतरना यह साबित करता है कि तीनों ही देश कम से कम आर्थिक विषयों के मामले में साथ आ रहे हैं। रूस का खुलकर भारत और चीन का साथ देना और अमेरिका का विरोध करना, वैश्विक दादागिरी वाली अमेरिकी कूटनीति को सीधी चुनौती कही जा सकती है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हालांकि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिन 17 सितंबर के दिन बधाई देकर एक तरह से दोनों देशों के रिश्तों में टैरिफ युद्ध के चलते आई तल्खी को कम करने की कोशिश जरूर की है। लेकिन जमीनी स्तर पर अमेरिकी रूख में कोई बदलाव नहीं आने की वजह से वास्तविक हालात में कोई बदलाव नहीं दिख रहा है। ऐसे मौके पर सर्गेई लावरोव का बयान एक तरह से अमेरिका को चेतावनी हो सकता है।

भारत से अमेरिका को होने वाले आयात पर पचास प्रतिशत का टैरिफ लगाने के लिए अमेरिका ने रूस से भारत द्वारा कच्चा तेल खरीदने को कारण बताया है। अमेरिका का कहना है कि भारत ऐसा करके रूस को यूक्रेन युद्ध में फंडिंग कर रहा है। हालांकि भारत इससे इनकार करता रहा है। भारत वैसे भी रूस से तेल खरीदने वाले देशों में निचले पायदान पर है। हां, भारत की रूस से नजदीकी रही है और वह बनी हुई है। विशेषकर रक्षा क्षेत्र में रूस से भारत की नजदीकी दशकों से बनी हुई है। अमेरिका इससे चिढ़ता रहा है। हालांकि पिछले करीब दो दशकों से इसमें कमी आई है। इसकी वजह भारत का विशाल मध्य वर्गीय बाजार रहा है। जिसके जरिए अमेरिकी कंपनियां मोटा मुनाफा कमा रही हैं। लेकिन ट्रंप काल में आए टैरिफ बम के चलते इसमें गिरावट आ रही है।

सर्गेई लावरोव ने अमेरिका को एक तरह से चेतावनी दी, अपने ही देश के मुख्य टीवी चैनल 1टीवी के कार्यक्रम ह्यद ग्रेट गेमह्ल में उन्होंने कहा कि चीन और भारत प्राचीन सभ्यताएं हैं। उनसे इस तरह से बात करना कि या तो आप वह बंद कर दें जो हम नहीं चाहते या हम आप पर टैरिफ थोप देंगे, काम नहीं कर पाया।

सर्गेई ने इस कार्यक्रम में एक तरह चुटकी भी ली। उन्होंने अमेरिका के चीन और भारत से जारी रिश्तों को लेकर कहा कि चीन और भारत से जिस तरह का अमेरिकी संपर्क जारी है, वह दिखाता है कि अमेरिकी पक्ष वैश्विक कूटनीति में आ रहे बदलावों को समझ चुका है।

लावरोव ने अमेरिका के प्रति भारत और चीन की प्रतिक्रिया की ओर इशारा करते हुए कहा कि अमेरिकी कदम से दोनों देशों को थोड़ी आर्थिक परेशानी जरूर हुई, क्योंकि दोनों ही देशों यानी चीन और भारत को नए बाजारों और ऊर्जा आपूर्ति के नए स्रोतों की तलाश करने और ज्यादा कीमत चुकाने पर मजबूर होना पड़ा। लेकिन इससे कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण ये है कि इस अमेरिकी रवैये का नैतिक और राजनीतिक विरोध भी हो रहा है।

लावरोव का यह कहना भी कि रूस पर नए प्रतिबंधों से कोई खतरा नहीं है, बहुत मानीखेज है। इसका मतलब यह है कि रूस कम से कम इस वक्त अमेरिकी दबवा में नहीं आने जा रहा। रूस पर वैसे ही बाइडन प्रशासन के जमाने से कई तरह की पाबंदियां लगी हुई हैं, फिर भी रूस की सेहत और कूटनीति पर विशेष असर नहीं पड़ा है।

ध्यान देने की बात यह है कि रूस, चीन और भारत की कुल जनसंख्या करीब तीन अरब है। जो वैश्विक जनसंख्या का करीब चालीस फीसद है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में तीनों देशों की अर्थव्यवस्था की सामूहिक भागीदारी करीब 32 प्रतिशत है। जाहिर है कि दुनिया में इनकी हिस्सेदारी अहम है। ऐसे में लावरोव का बयान एक तरह से अमेरिका को चुनौती ही है कि टैरिफ युद्ध खत्म हो या न हो, तीनों देश कम से कम अपनी आर्थिक चुनौतियों के सामने झुकने नहीं जा रहे।

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं
(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# टैरिफ चुनौती के बीच आर्थिक रफ्तार

यकीनन इस समय टैरिफ की चुनौती के बीच भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और अब कर सुधारों से अर्थव्यवस्था की गति को पंख लगते हुए दिखाई देंगे। हाल ही में 19 सितंबर को दुनिया की प्रसिद्ध जापान की ग्लोबल रेटिंग एजेंसी रेटिंग एंड इन्वेस्टमेंट इंफार्मेशन (आरएंडआई) ने कहा कि अमेरिका के द्वारा भारत पर ऊंचे टैरिफ लगाने के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था बढ़े की प्रवृत्ति दिखा रही है। ऐसे में भारत की 'सॉवरेन रेटिंग' को एक पायदान ऊपर करते हुए बीबीबी प्लस किया गया है। इसके पहले भी पिछले दिनों एसएंडपी और मार्निंग स्टार डीबीआरएस जैसी वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों ने भारत की क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड किया है। गौरतलब है कि हाल ही में उभरते भारत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि नए कर सुधार देश के हर नागरिक के लिए एक बड़ा उपहार है। इन दिनों हाल ही में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और इनकम टैक्स में किए गए नए सुधारों और नई व्यवस्थाओं पर प्रकाशित हो रही विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि इन आमूल कर सुधारों से न केवल आम आदमी की जिंदगी आसान होगी, वरन देश विकसित राष्ट्र बनने की डगर पर भी तेजी से आगे बढ़ेगा। जीएसटी और इनकम टैक्स में किए गए बदलाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह आम लोगों के जीवन में खुशहाली का डबल धमाका है।

इनकम टैक्स में मिली 12 लाख तक की छूट के बाद अब जीएसटी की दरों में की गई कटौती से घरों का बजट सुधरेगा, आम लोगों की बचत बढ़ेगी और मध्यम वर्गीय लोगों की क्रयशक्ति में भी बड़ा इजाफा होगा। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि नए कर सुधारों से इसी वर्ष 2025-26 के अंत तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते हुए दिखाई दे सकता है। इस परिप्रेक्ष्य में यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 9 सितंबर को वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि भारत में कर दरों में कमी किए जाने से निजी उपभोग को बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक विकास मजबूत होगा। साथ ही इससे महंगाई में भी कमी आएगी। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि 10 सितंबर को वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की विकास दर के अनुमान को 6.5 फीसदी से बढ़ाकर 6.9 फीसदी कर दिया है। गौरतलब है कि 22 सितंबर से लागू



नए ऐतिहासिक जीएसटी सुधारों के तहत मौजूदा चार टैक्स स्लैब 5 फीसदी, 12 फीसदी, 18 फीसदी और 28 फीसदी में बदलाव करते हुए इन्हें घटाकर 5 फीसदी और 18 फीसदी स्लैब वाले दो-स्तरीय जीएसटी व्यवस्था के रूप में रणनीतिक पूर्वक आगे बढ़ाया गया है। हालांकि अहितकर वस्तुओं की श्रेणी में आने वाली कुछ वस्तुओं पर 40 फीसदी कर स्लैब लागू किया गया है। अब जीएसटी सुधारों के तीन बड़े आधार हैं। एक, स्ट्रक्चरल सुधार। इसमें टैक्स ढांचे को और बेहतर किया गया है। दो, टैक्स दरों को तर्कसंगत बनाया गया है, ताकि जरूरी वस्तुएं सस्ती हों तथा तीन, नए रजिस्ट्रेशन, रिफंड को आसान बनाया गया है। इससे इनपुट और आउटपुट टैक्स रेट्स में संतुलन आएगा। जीएसटी के रजिस्ट्रेशन से लेकर पालन प्रतिवेदन की प्रक्रिया भी आसान की गई है। कारोबारी अब सिर्फ तीन दिन में जीएसटी पोर्टल पर अपना पंजीयन करा सकेंगे। उन्हें 7 दिनों में रिफंड देने की व्यवस्था होगी। कच्चे माल और तैयार माल की दरों में भिन्नता होने के कारण इनपुट टैक्स रिटर्न में होने वाली दिक्कतों को भी समाप्त कर दिया गया है। उल्लेखनीय की जीएसटी के सुधारों से घरेलू खपत में जोरदार तेजी आएगी।

मध्यम वर्ग उत्पादों की खरीदी पर पैसा खर्च करेगा और मांग बढ़े से निजी निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा। सरकार को भी उम्मीद है कि 48000 करोड़ रुपए के सालाना राजस्व नुकसान के बावजूद बाजार की गतिविधियों में तेजी आएगी और अर्थव्यवस्था को जिस तरह रफ्तार मिलेगी, उससे तात्कालिक नुकसान की सरलता से भरपाई हो जाएगी। निश्चित रूप से आम आदमी व मध्यमवर्गीय लोगों को कीमतों में राहत मिलेगी और लोगों की क्रय शक्ति बढगी और बाजार में नकदी प्रवाह भी बढ़ेगा। जो छोटे उद्योग ट्रंप टैरिफ के कारण निर्यात घटने को लेकर चिंतित हैं, उन्हें घरेलू उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग से बड़ा सहारा मिलेगा। इतना ही नहीं जीएसटी घटने से औद्योगिक उत्पादन बढ़ेगा और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से लेकर सर्विस सेक्टर तक मांग का बढ़ता हुआ नया अध्याय दिखाई देगा। अनुमान है कि देश में जीएसटी घटने से करीब 2 लाख करोड़ रुपए की खपत बढ़ेगी और निर्यात को भी नई गति मिलेगी। मांग व उत्पादन बढ़े से जीडीपी में भी वृद्धि होगी। रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। निश्चित रूप से जिस तरह केंद्र सरकार जीएसटी में आमूल बदलाव की डगर पर आगे बढ़ी है, उसी तरह सरकार इनकम टैक्स को आसान और राहतकारी बनाने के लिए भी तेजी से आगे बढ़ी है। इनकम टैक्स बिल 2025 राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद अब कानून बन गया है। यह कानून मौजूदा इनकम टैक्स कानून 1961 की जगह लेते हुए एक अप्रैल 2026 से लागू किया जाएगा। वस्तुतः नया इनकम टैक्स कानून महज कुछ धाराओं का बदलाव नहीं, बल्कि पूरी टैक्स व्यवस्था का कायापलट होगा। इससे देश में टैक्स सिस्टम के डिजिटल और सरल युग का नया दौर शुरू होगा। इस नए कानून के तहत टैक्स कानूनों के मकडजाल को खत्म कर एक ऐसी प्रणाली निर्मित होगी, जो सहज और आम टैक्सपेयर के लिए लाभकारी हो और इससे नए करदाता अपनी आमदनी के मुताबिक इनकम टैक्स देने के लिए तत्पर हों। खास बात यह है कि मौजूदा इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है। खास बात यह भी है कि 1961 के इनकम टैक्स कानून में वर्ष 2024 तक 4000 से ज्यादा संशोधन व सुधार हुए हैं और इसमें 5 लाख से ज्यादा शब्द हैं।

ऐसे जटिल हो चुके इनकम टैक्स कानून को सरल और व्यावहारिक बनाने के लिए नया इनकम टैक्स कानून 2025 एक अत्यंत सराहनीय कदम है। नया इनकम टैक्स कानून पुराने कानून को लगभग 50 प्रतिशत तक सरल बनाता है। नया इनकम टैक्स कानून भाषा को आसान बनाने के साथ ही कटौतियों को स्पष्ट करता है और विभिन्न प्रावधानों के बीच क्रॉस रेफरेंसिंग को मजबूत करता है। नया कानून गृह संपत्ति से होने वाली आय, जिसमें मानक कटौती और गृह ऋण पर निर्माण-पूर्व ब्याज शामिल है, से जुड़ी अस्पष्टताओं को दूर करता है। नए कानून के माध्यम से टैक्स कानून को सरल बनाते हुए उसके पेजों की संख्या को आधी कर दिया गया है और अप्रासंगिक हो चुके प्रविधानों को हटा दिया गया है। उम्मीद करें कि 22 सितंबर से लागू नई जीएसटी व्यवस्था और दो स्लैब वाली कर प्रणाली के साथ-साथ एक अप्रैल 2026 से लागू होने वाले नए इनकम टैक्स कानून के तहत नए बदलाओं के कार्यान्वयन पर सरकार शुरूआत से ही इस तरह ध्यान देगी कि इन कानूनों की सरलता से देश के करोड़ों लोग लाभान्वित हों और भ्रष्टाचार भी नियंत्रित हो। उम्मीद करें कि जीएसटी और इनकम टैक्स के तहत नए अहम कर सुधारों से करदाताओं की संख्या बढ़ाने, टैक्स जटिलता और मुकदमों में कमी लाने और टैक्स संग्रहण बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण उपयोगिता मिलेगी। उम्मीद करें कि जीएसटी और इनकम टैक्स कर कानूनों में सुधारों से देश के उद्योग-कारोबार ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों का मुकाबला करते हुए देश को आर्थिक रफ्तार देंगे।
(लेखक विख्यात अर्थशास्त्री है)

# मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को पम्पलेट वितरीत कर किया गया जागरूक

**अमरोहा (सब का सपना):-** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत जनपदीय पुलिस को सक्रिय भागीदारी कर महिलाओं को जागरुक करने, उनके सशक्तिकरण एवम् सुरक्षा हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। दिये गये निदेशों के अनुपालन के क्रम में समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा दलों द्वारा अपने अपने क्षेत्रों/बीट आदि में जाकर उनमें पड़ने वाले विद्यालयों/कस्बों/ग्रामों आदि जाकर जागरुक करने का प्रयास किया जा रहा है।





**महिला चौपाल लगाकर पैंपलेट्स वितरण**

महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के उद्देश्य से महिला चौपाल का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके क्रम में थाना स्तर पर बनाई गई टीम ने ग्राम/कस्बों/मोहल्लों आदि में जाकर ग्राम चौपालों का आयोजन किया गया एवम् वहां उपस्थित महिलाओं को उनके आत्मसम्मान के साथ किसी प्रकार का समझौता न करनें, उनके अधिकारों के विषय में एवम् उनके सहयोग हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। सुविधा हेतु पैंपलेट्स वितरण कर लिखे नंबरो को याद रखने की आवश्यकता एवम् उपलब्ध करायी जाने वाली तत्काल सहायता के विषय में बताया गया।

**बालिकाओं को दी गुड टच-बैड टच की जानकारी**

थाना डिडौली क्षेत्रान्तर्गत डिडौली पब्लिक स्कूल, उस्मान इन्टर कालेज, समीम शाजाद इन्टर कालेज डिडौली, थाना हसनपुर क्षेत्रान्तर्गत सुखदेवी इन्टर कालेज , थाना मण्डी धनौरा स्थित इन्टर कालेज आदि विद्यालयो में बालिकाओ को जागरुक करने के उद्देश्य से उन्हें जानकारी दी गयी कि किसी भी व्यक्ति के द्वारा चाहे वह कोई परिचित हो अथवा परिचित के द्वारा किसी भी स्थान पर बालिका को किसी भी प्रकार से छूने पर बालिका को अप्रिय स्थिति प्रतीत होती है तो वह तत्काल उस स्थान से हटकर जैसा भी उचित लगे अपने माता-पिता/ सहेली/ अध्यापिका अथवा पुलिस को अवश्य बताये ताकि उक्त व्यक्ति के विरुद्ध आवश्यक चेतावनी/ कार्यवाही की जा सके। इसके अतिरिक्त समस्त थानों की पुलिस टीमो द्वारा धार्मिक स्थलों/कोचिंग सेंटरो/ पार्क/ विद्यालयों के बाहर एवम् भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों/ लड़को से पूछताछ एवम् आवश्यकतानुसार चेतावनी दी जा रही है। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन- 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन- 1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया।

# टीईटी के विरोध मे एससी/एसटी संघ के शिक्षको का धरना प्रदर्शन

**अमरोहा (सब का सपना):-** प्रदेश नेतृत्व के आवाहन परएससी एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन जनपद अमरोहा के बैनर तले कई सौ शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया नारेबाजी कर अपनी आवाज बुलंद की। कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग के सभी शिक्षकों के लिए टीईटी पास होने की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। सोमवार को संघ के जिला अध्यक्ष करतार सिंह के नेतृत्व मे सैकडो शिक्षक कलेक्टेड पहुँचे जिलाध्यक्ष ने कहाँ कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि ऐसे सेवारत शिक्षक जिनकी सेवा 5 वर्ष से अधिक है उनके लिए TET पास करना अनिवार्य है अपनी सेवा में बने रहने के लिए 2 वर्षों में इसे उत्तीर्ण करना होगा जबकि 29 जुलाई 2011 से उत्तर प्रदेश में आरटीई अधिनियम लागू हुआ इसमें 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को इस प्रावधान से मुक्त रखने की बात कही गई है। 2017 में सरकार ने एक्ट में संशोधन कर सभी शिक्षकों के लिए TET अनिवार्य कर दिया जो उचित नहीं है इसमें कई लाख शिक्षकों की नौकरी संकट में आ गई है शिक्षकों ने एक स्वर में इसका पूर्ण विरोध किया और सरकार से सुप्रीम कोर्ट मे पुनःविचार याचिका दाखिल करने की मांग की है। संघ के जिला महामंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार कानून में संशोधन कर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को निष्प्रभावी करें जिससे शिक्षकों को राहत मिल सके सभी संघो के जिला अध्यक्षों ने एक स्वर में कहा कि यदि सरकार ने हमारी मांगों को नहीं माना तो आगे भी धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस दौरान प्रकाश सिंह विनोद गौतम नीरज निमल ओम प्रकाश त्रिपाठी पंकज आर्य देशराज सिंह सुधीर कुमार ऋषिपाल सिंह इमरान पाशा मदीन अहमद जमशेद शरीफ विकास बंगा राकेश चहल । सुशील कुमार नागर जयवीर सिंह जयवीर सिंह सौरभ सक्सेना धर्मपाल सिंह मनमोहन सिंह सतपाल सिंह सत्य प्रकाश गौतम संजीव कुमार निर्देश कुमार हरीराज सिंह गुड्डू गौतम प्रवीण कुमार राजेंद्र सिंह प्रदेव देवकांत करणवीर सिंह ओमपाल सिंह दिलीप तोड़ी वाल अनीस अहमद प्रदीप कुमार गोपाल सिंह उदयभान सिंह डॉ पृथ्वी सिंह हरिराम राजेंद्र सिंह शशिकांत गौतम विजयपाल सिंह गोपाल सिंह पूनम रानी शर्मा सुषमा रानी रेखा रानी नसरीन फातिमा रवि बाला सिंह हरदीप सिंह अलका रानी सीमा रानी योगेश कुमार बंसी मनोज कुमार पायल रानी काजल राणा प्रकाश सिंह चरन सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।



# मिशन शक्ति 5.0 (नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन) अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन

**अमरोहा (सब का सपना):-** जिले में नवरात्रि के प्रथम दिवस पर महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति 5.0 (नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन) अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रोबेशन अधिकारी राकेश सिंह के निदेर्शानुसार हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन से सहायक लेखाकार अपूर्वा ब्लॉक गंगेश्वरी के ग्राम रहरा में बिहारी सिंह कन्या इंटर कॉलेज में की गई। सहायक लेखाकार अपूर्वा द्वारा बताया गया कि मिशन शक्ति का उद्देश्य हिंसा से प्रभावित महिलाओं एवं संकटग्रस्त महिलाओं को तत्काल व व्यापक देखभाल और सहायता प्रदान करना है। उनके द्वारा महिलाओं के लिए चल रहे हैं विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 181( महिला हेल्पलाइन नंबर) 1090 वूमेन पावर लाइन) एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, निराश्रित विधवा पेंशन योजना ,सखी वन स्टॉप सेंटर आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ा गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ एवं वन स्टॉप सेंटर की पैरामेडिकल नर्स ,अनुराधा भारती एवं कैसे वर्कर, स्वाति सिंह एवं चिरंजीत उपस्थित रहे।




# गजरौला रेलवे स्टेशन पर रामलीला का शुभारंभ

**भाजपा नेता विपिन सागर व पूर्व ब्लॉक प्रमुख चौ.कामेन्द्र सिंह ने फीता काट कर किया शुभारंभ**

**गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):-** नगर पालिका क्षेत्र के रेलवे स्टेशन पर रामलीला का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। इस दौरान मंच पर पहुंचे मुख्य अतिथियों व रामलीला कमेटी के लोगों ने वहां मौजूद दशकों से रामलीला को सुव्यवस्थित तरीके से चलाने का आग्रह किया। वहीं इस दौरान मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा नेता विपिन सागर एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख चौधरी कामेंद्र सिंह ने फीता काटकर रामलीला का शुभारंभ किया। बता दें कि रविवार की रात्रि गजरौला के रेलवे स्टेशन पर आयोजित रामलीला का शुभारंभ वहां मुख्य अतिथि के रूप में अपने साथियों संग मंच पर पहुंचे भाजपा नेता विपिन सागर एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख चौधरी कामेन्द्र सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उनके साथ मंच पर मनोज गर्ग ,सोनू कश्यप ,योगेश चौधरी ,डॉक्टर गहलोत, बबलू रस्तोगी, नवीन गर्ग, प्रीतम सिंह चौहान ,हरबंस सिंह ,अजय गर्ग ,रिंकू वर्मा, देवांशु रस्तोगी, पंडित हरि गोपाल तिवारी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।



# रोजगार मिशन की जिला कार्यकारी समिति की बैठक सम्पन्न

**अमरोहा (सब का सपना):-** जिले की जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में रोजगार मिशन के अंतर्गत जिला कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में शासनादेशानुसार समिति को सौंपे गए दायित्वों पर विस्तार से चर्चा हुई। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने बताया कि रोजगार मिशन का उद्देश्य प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को देश व विदेश में रोजगार उपलब्ध कराना है। इसके तहत कौशल विकास, भाषा प्रशिक्षण, आजीविका परामर्श और स्किल आधारित स्वतः रोजगार को बढ़ावा दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मिशन रोजगार अभियान के अधीन विभिन्न विभागों में संचालित विभिन्न क्रियाकलापों का का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिकाधिक युवाओं को रोजगार अवसरों से जोड़ा जाए। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले के सभी नियोक्ताओं एवं अभ्यर्थियों का पंजीकरण रोजगार संगम पोर्टल पर कराया जाएगा। साथ ही शैक्षणिक संस्थानों, निजी कंपनियों व प्लेसमेंट एजेंसियों को भी पोर्टल से जोड़ा जाएगा। चयनित लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र प्रभारी मंत्री के माध्यम से वितरित कराए जाएंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी, पीडी डीआरडीए अम्बरीष कुमार, डिप्टी कलेक्टर बृजपाल सिंह, उप निदेशक कृषि डॉ0 रामप्रवेश, अजय टंडन सहित अन्य उद्यमी और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# पवित्रता का प्रतीक तिगरी धाम गंगा मेला की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

**गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):-** सोमवार को पवित्र तिगरी धाम गंगा मेला कमेटी के जिला अध्यक्ष डॉ. हरज्ञान प्रजापति ने गंगा मेला आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। यह बैठक मोहल्ला अल्लीपुर भूड़, हसनपुर रोड पर स्थित डॉ. उत्तम सिंह प्रजापति (निवर्तमान भाजपा मंडल अध्यक्ष) के प्रतिष्ठान पर सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी तिगरी धाम गंगा मेला की भव्यता हेतु अधिक से अधिक धन संग्रह करना तथा मेला आयोजन को सफल बनाना रहा। बता दें कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए अच्छी व्यवस्था, साफ-सफाई, शुद्ध जल, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही, सांस्कृतिक मंच पर देश के नामी कलाकारों को बुलाकर भक्तिमय एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे, जिससे मेले की गरिमा और अधिक बढ़ सके।

**कार्तिक पूर्णिमा और तिगरी धाम का महत्व**

कार्तिक मास की पूर्णिमा को धार्मिक दृष्टि से अत्यंत पवित्र माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से व्यक्ति को पापों से मुक्ति और पुण्य की प्राप्ति होती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इसी दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर का संहार कर धर्म की स्थापना की थी, इसलिए इसे त्रिपुरी पूर्णिमा भी कहा जाता है। तिगरी धाम का यह मेला सदियों से धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक बना हुआ है। गंगा तट पर लाखों श्रद्धालु एकत्र होकर स्नान, दान-पुण्य और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेते हैं।

**डॉ. हरज्ञान प्रजापति ने अपने संबोधन में कहा कि-**

गंगा हमारी आस्था की धारा है और तिगरी धाम गंगा मेला हमारी संस्कृति का जीवंत उदाहरण है। हमारी जिम्मेदारी है कि इस मेला को और अधिक भव्य एवं व्यवस्थित बनाया जाए ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी इस परंपरा को गर्व के साथ देख सकें।बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने तन-मन-धन से सहयोग करने का संकल्प लिया। यह तय हुआ कि प्रत्येक सदस्य अपने क्षेत्र से श्रद्धालुओं और समाजसेवियों से सहयोग राशि एकत्र करेगा, ताकि आयोजन ऐतिहासिक बन सके।तिगरी धाम गंगा मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर है। इस मेला की तैयारी में गंगा मेला कमेटी और प्रजापति समाज की भूमिका सराहनीय है। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर होने वाला यह आयोजन न केवल श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति देता है, बल्कि समाज को एकता, सहयोग और संस्कृति से जोड़ने का कार्य भी करता है। राष्ट्रीय प्रजापति एकता सभा के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव दिनेश कुमार प्रजापति ने ड्ड2500 सौ. की रसीद काट कर धन संग्रह का शुभारंभ गंगा मेला कमेटी कोषाध्यक्ष रजनीश प्रजापति के द्वारा किया। इस अवसर पर डॉ.उत्तम सिंह प्रजापति राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राष्ट्रीय प्रजापति एकता सभा दिनेश कुमार प्रजापति डॉ हरज्ञान सिंह प्रजापति रजनीश कुमार, जोगेंद्र सिंह प्रजापति ठेकेदार,अभिषेक कुमार गोपाल कृष्ण, डॉ अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मंडी धनोरा में विवाहिता को मारपीट कर घर से निकला, ठोकरें खाकर भी नहीं मिल रहा न्याय

**मंडी धनौरा/अमरोहा (सब का सपना):-** तहसील क्षेत्र में एक विवाहिता को उसके ससुराल वालों ने दहेज के खातिर मारपीट कर घर से निकाल दिया। जिसके बाद पीड़ित विवाहिता न्याय के लिए दर दर की ठोकरें खाती फिर रही है। उसके बाद भी पीड़िता को न्याय नहीं मिल पा रहा है। बता दें कि मंडी धनौरा कस्बे के मोहल्ला कमालपुर काजी निवासी मुस्तकीम ने अपनी पुत्री शबाना की शादी मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार थाना गजरौला कस्बे के मोहल्ला सुल्तान नगर निवासी आरिफ पुत्र मुजफ्फर सैफी के साथ की थी और अपनी हैसियत के अनुसार शादी में दान दहेज भी दिया था जिसमें उन्होंने शादी में 20 कार व आभूषण आदि दिए थे।शबाना के ससुराल पक्ष के लोग कम दहेज मिलने के कारण ना खुश थे और तभी से ही शबाना की ससुराल वाले शबाना के साथ आए दिन मार पीट करने लगे, पीड़ित शबाना के पिता मुस्तकीम का कहना है कि स्कॉर्पियो गाड़ी व 10 लाख रुपए के कैश को लेकर शबाना के पति आरिफ, ससुर मुजफ्फर, सास सायरा और जेठ कमल हसन इन सभी लोगों ने पीड़िता शबाना के साथ कई बार मारपीट कर घर से निकाल दिया, इतना ही नहीं बल्कि शबाना को जान से मारने की नीयत से एक दिन फिनायल भी पिला दिया जब इसकी सूचना शबाना के मायके वालों को लगी तो मायके वाले तुरंत मौके पर पहुंचे और अपनी पुत्री शबाना को अस्पताल ले गए और इसकी सूचना थाना गजरौला पुलिस को दी गई लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई मजबूरन होकर पीड़िता डीएम ऑफिस पहुंची और न्याय के गुहार लगाई पीड़िता शबाना का कहना है कि अगर इंसाफ नहीं मिला तो आत्महत्या कर लूंगी और इसके जिम्मेदार ससुराल पक्ष के लोगों को ठहराया जाएगा।



# राजस्व प्रशासन की मनमानी से परेशान पीड़ित परिवार कलेक्ट्रेट के सामने अनशन पर बैठा

**अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद के तहसील हसनपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कस्बा उझारी मोहल्ला गड़ी निवासी जगदीश पुत्र नत्थू सिंह तहसील हसनपुर राजस्व प्रशासन की मनमानी से परेशान होकर कलेक्ट्रेट पर अनशन पर बैठ गया। बताते चलें परिवार की जमीन तहसील हसनपुर क्षेत्र के ही जमीन गांव देहरा के जंगल में आ रही है और जमीन के ही बराबर में कब्रिस्तान स्थित है कुछ दबंग लोगों ने पीड़ित परिवार की जमीन का कुछ हिस्सा कब्रिस्तान की जमीन में मिला लिया गया। प्रार्थी जगदीश ने दिनांक 18 ,11, 2024 को एक शिकायती पत्र सौंपकर आयुक्त कार्यालय मुरादाबाद मंडल को अवगत कराया जिसमें राजस्व टीम व पुलिस बल के द्वारा 01, 02, 2025 को पैमाईश कराई गयी थी समय न रहने के कारण सीमा पर पिलर नहीं लगा ये गए थे जिससे की लेखपाल प्रदीप कुमार ने आश्वासन दिया की मैं कल आपके पिलर लगवा दूंगा जो कि आज तक नहीं लगे। प्रार्थी जगदीश ने फिर द्वारा दिनांक 27.6.2025 को दोबारा आयुक्त कार्यालय मुरादाबाद मंडल द्वारा आदेश करायें थे लेकिन आज तक राजस्व टीम नहीं पहुंच पाई। पीड़ित जगदीश परेशान होकर अपने परिजनों के साथ जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर धरने पर बैठ गया। पीड़ित जगदीश का कहना है कि अगर सुनवाई नहीं हुई तो हम लोग लखनऊ मुख्यमंत्री आवास पर धरना देने के लिए पहुंच जाएंगे।



# सम्मान निधि पाने वाले किसानों को बनाया जाए सहकारी समिति सदस्य:- कृष्ण कुमार शर्मा

**हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना):-** प्रादेशिक आह्वान पर जिले की सभी सहकारी समितियों पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। जिसे सफल बनाने के लिए अभियान के सहजिला प्रभारी कृष्ण कुमार शर्मा ने क्षेत्र की सहकारी समिति भदौरा, उझारी, कंडऔवा , जयतोली में संपर्क कर बनाए गए सदस्यों के बारे में जानकारी प्राप्त कर अतिशीघ्र लक्ष्य के हिसाब से सदस्य बनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि नए सदस्यों को सहकारी समिति से बिना रुकावट के खाद बीज कीटनाशक के साथ अन्य सुविधाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर मिलेगा। अधिकांश समितियों के क्षेत्र का विभाजन कर नई समितियों के निर्माण का कार्य चल रहा है जिसके चलते समितियों की सदस्य संख्या और व्यवसाय में कमी आएगी नए सदस्य बनाकर इसकी पूर्ति की जा सकती है। इस अवसर पर चंद्रप्रकाश शर्मा, विवेक कुमार त्यागी, कृष्णौतर शर्मा, नैनसिंह राणा, रोबिन सिंह , तौफीक अली आदि मौजूद रहे।



# ढवारसी में रामलीला के पहले दिन नारद मोह की लीला का किया गया मंचन





**हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना):-** तहसील क्षेत्र के गांव ढवारसी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को रामलीला का मंचन जोश और उल्लास के साथ शुरू हुआ। रामलीला का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने फीता काटकर किया। रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने विधायक का अंगवस्त्र पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। विधायक ने भगवान राम के आदर्शों को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रामलीला हमारे समाज को सही दिशा दिखाती है। भगवान राम का जीवन त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और मर्यादा सिखाता है। उन्होंने अपने पिता के वचन का मान रखते हुए 14 वर्ष वन में बिताए, अपनी पत्नी सीता के प्रति प्रेम और सम्मान दिखाया साथ ही एक आदर्श राजा के रूप में अपनी प्रजा का ध्यान रखा। रामलीला जैसे आयोजन हमें अपनी संस्कृती से जोड़े रखने का काम करते हैं। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के संरक्षक निशापति शर्मा, प्रमोद त्यागी, नवीन चतुर्वेदी, अजय गोयल, नरेश ठाकुर, राजेश शर्मा, जितेंद्र शुक्ला, अंकुर अग्रवाल, करन सिंह कश्यप, राजीव गोयल, विशाल त्यागी, अक्की त्यागी, मनोज शर्मा अमित जाटव आदि मौजूद रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने किया प्रदर्शन, 11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

**संभल(सब का सपना):-** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (बी आर एस एस) भारत राष्ट्रीय सेवक संघ द्वारा जिला प्रभारी सुभाष चाहल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्य बिजलीघर संभल में नारेबाजी कर किसान पंचायत का आयोजन किया। पंचायत की अध्यक्षता सेवक सैनी एवं संचालन निर्देश कुमार ने किया। पंचायत को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी ने कहा कि जनपद संभल में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। डबल इंजन की सरकार किसान व आवाम के हित में तमाम लाभकारी योजनाए दे रही है, परंतु जिला प्रशासन के कुछ अधिकारियों की लापरवाही एवं उदासीनता के चलते पात्र लाभ से वंचित है। क्षेत्र में बिजली विभाग के मीटर रीडर घरेलू बिल निकालने प्रतिमाह नही आते जिससे किसानों पर अतिरिक्त चार्ज पड़ता है, मीटर रीडर प्रतिमाह बिल निकालने जाये। जिससे किसानों एवं आम जनमानस का आर्थिक शोषण रोका जा सके। विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी बिजली चोरी की आड़ में उपभोक्ताओं के मीटर की वीडियो बनाकर, मुकदमों का डर बनाकर अवैध वसूली करने का कार्य कर रहे हैं। जिससे किसानों एवं आम जनमानस की कमर तोड़ने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें सुधार अति आवश्यक है। साथ ही स्मार्ट मीटर की जांच पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर जांच में खड़े नहीं उतर रहे हैं इनको ना लगवाए जाए। आधे से ज्यादा घरेलू विधुत मीटर गलत बिल निकालकर आम जनता को गुमराह करने का काम कर रहे है। तत्काल रूप से अभियान चलाकर सही कराया जाए। क्षेत्र के ग्राम - सैंडा बिजलीघर में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है एवं ग्राम - हिसामपुर में एक आम रास्ते की स्थिति जर्जर है काफी शिकायतों पर सुनवाई नहीं हुई। जिसको लेकर संगठन में आक्रोश है। जनपद में बढ़ती खाद की किल्लत को लेकर किसान अपनी फसल बुवाई में कठिनाई का सामना कर रहा है



जिससे किसान दुविधा में है !जबकि खेती किसान के जीवन - यापन का एकमात्र जरिया है। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ मिले। सरकार द्वारा तमाम कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं उनकी जानकारी किसानों को मिले और उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जाए ! साथ ही जिला उपाध्यक्ष मिंकू चौधरी ने कहा कि बहजोई फेस ब्रांच में पानी 6 - 8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से छोड़ जाए ताकि मुरादाबाद मंडल के तमाम किसानों की फसलों को भारी नुकसान से बचाया जा सके। प्रदेश में फैले बुखार रूपी वायरस के कारण लोग संक्रमित हैं। नियमित तरीके से रोग की रोकथाम के लिए गांव-गांव कीटनाशक का स्प्रे कराया जाए एवं कैंप के माध्यम से फ्री दवाई वितरित की जाए। वही युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा गन्ना मूल्य 525 रु. प्रति कुंतल कर भुगतान न करने वाली चीनी मिलों पर कार्रवाई की जाए। समय पर भुगतान करने वाली चीनी मिलों का प्रोत्साहन किया जाए। स्मार्ट मीटर जांच में किसी भी रूप में खरे नहीं उतर रहे हैं। अतः सरकार से मांग है कि इनको ना लगवाया जाए। संगठन हमेशा से ही किसान हित में प्रयासरत है , जब तक किसानों की मांगों का निस्तारण नहीं होता है तब तक धरना - प्रदर्शन आंदोलन करते रहेंगे । मौके पर नायब तहसीलदार बबलू कुमार, एसडीओ बिजली राहुल सिंह, ए डी ओ (आई एस बी) अमित यादव, एसडीओ बिजली जेपी वार्ष्णेय, जे ई मुकेश कुमार की उपस्थिति के बाद पंचायत का समापन कर दिया गया। पंचायत का मुख्यमंत्री को संबोधित 11 सूत्रीय मांग पत्र नायब तहसीलदार बबलू कुमार के माध्यम से सौपा गया। मुख्य रूप से युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मिंकू चौधरी, जिला प्रभारी सुभाष चाहल, जिला संरक्षक शिवनारायण सैनी, जिला महासचिव अनमोल कुमार, जिला सलाहकार सरदार गुरु वचन सिंह, जिला महामंत्री संभल इस्माइल खां (अ. मो.), जिला प्रचार मंत्री कमल सिंह, युवा जिला मीडिया प्रभारी निर्देश कुमार, तहसील अध्यक्ष सुरेन्द्र चौधरी, तहसील सचिव चौधरी ऋषिपाल सिंह, युवा तहसील सचिव राजीव कुमार उर्फ बाबूजी, तहसील अध्यक्ष मेहंदी हसन (अ. मो.), हरिनाथ महाराज तहसील महासचिव संभल (संत मो.) युवा ब्लॉक उपाध्यक्ष सुफियान पाशा, किशन लाल सिंह तहसील प्रभारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता सेवक सैनी, वरिष्ठ कार्यकर्ता मो. हसन, मो. दाऊद, राजपाल कश्यप, गणेश कुमार, आदेश यादव, केशव यादव जैनुल, उस्मान मलिक, पवन कुमार, विवेक कुमार सुखपाल गुर्जर विजयपाल सिंह, नानक कश्यप एवं महिला मोर्चा से रविता देवी ब्लॉक अध्यक्ष, ननीहा देवी ब्लॉक महासचिव, निशा देवी ब्लॉक सचिव, भूरी देवी, अतलेश देवी, सुमन देवी रानी आदि सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शारदीय नवरात्रि के पहले दिन रामबाग धाम पर हुआ महा आरती का आयोजन

मंत्री गुलाब देवी ने किया फीता काटकर मेले का शुभारंभ



**चंदौसी/संभल (सब का सपना):-** सोमवार को नगर के रामबाग रोड स्थित रामबाग धाम देवी मंदिर पर शारदीय नवरात्रि के पहले दिन महाआरती का आयोजन किया गया जहां सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। हालांकि दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की सुबह से ही भारी भीड़ लगी रही। जहां श्रद्धालु माता के दर्शन करने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दिए। इस दौरान मंदिर परिसर के बाहर माता के प्रसाद व सिंगार की दुकाने सजी रही।साथ ही नवरात्र को लेकर नगर के सभी देवी मंदिरों में कई दिन पहले से साफ सफाई व सजावट का काम चल रहा था।साथ ही मंदिर के पुजारी ने बताया कि यहां वर्षों से श्रद्धालु पूरे नवरात्र आते हैं और माता के नौ स्वरूपों की उपासना करते है। इसी के साथ दर्शन करने आए श्रद्धालुओं के लिए मेले का आयोजन भी किया जाता है जहां बच्चों के साथ-साथ बड़े भी मेले का आनंद उठाते हैं। साथ ही बताया की नवरात्रि का पहला दिन मां शैलपुत्री को समर्पित होता है जो हिमालय की पुत्री है और शक्ति व स्थिरता की प्रतीक मानी जाती है। साथ ही रामबाग देवी मंदिर की मान्यता है कि यहां जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से कुछ मांगता है तो उसकी मुराद जल्द पूरी हो जाती है।

## कलक्ट्रेट सभागार में भीख से सीख कार्यक्रम को लेकर किया गया समीक्षा बैठक का आयोजन

**बहजोई/संभल (सब का सपना):-** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में मिशन शक्ति, आईसीडीएस आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण एवं समाज कल्याण विभाग के विभिन्न कार्य योजनाओं तथा भीख से सीख कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत जिलाधिकारी द्वारा सर्व प्रथम भीख से सीख कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मिशन शक्ति को लेकर आकांक्षात्मक ब्लॉक से संबंधित बिन्दुओं के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा कन्या सुमंगला की प्रगति विभाग वार प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि



संस्थागत प्रसव की जागरूकता के क्षेत्र में कार्य करें और महिलाओं को जाकर समझाएं। सीएचसी चंदौसी में स्थापित पोषण पुनर्वास केन्द्र ( एन आर सी) को लेकर संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि सैम बच्चों को वहाँ भिजवाना सुनिश्चित करें। आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण कार्यों को लेकर विकासखण्ड वार जानकारी प्राप्त की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा की वीएचएनडी सत्र पर समस्त आंगनबाड़ी अपने उपकरण सहित उपस्थित रहे इसको प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। समाज कल्याण द्वारा संचालित योजनाओं के विषय में जानकारी प्राप्त करते हुए जिलाधिकारी में संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए फैमिली आईडी में प्रगति कम होने को लेकर असमोली और सम्भल के समाज कल्याण ग्राम विकास अधिकारी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट,परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण तथा डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार, समाज सेविका संगीत भार्गव एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**अमरोहा (सब का सपना):-** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत गठित जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। निधि गुप्ता वत्स ने धनौरा और जोया ब्लॉक में कम प्रसव पर नाराजगी जताते हुए सभी राजकीय स्वास्थ्य इकाईयो में संस्थागत प्रसव बढ़ाने के निर्देश सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को दिए। संस्थागत प्रसव बढ़ाने हेतु आशा/ए०एन०एम० के कार्यों की समीक्षा करें और खराब कार्य करने वाली आशाओं और ए०एन०एम०पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। संस्थागत प्रसव बढ़ाने के लिए निर्देश देते हुए स्टाफ नर्स वाइज डिलीवरी की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इसके साथ उन्होंने नियमित टीकाकरण का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए



कहा कि कोई बच्चा टीकाकरण से न छूटे। मंत्रा पोर्टल पर समय से फीडिंग करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बैठक से अनुपस्थित रहने पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ0 विशाल त्रिवेदी का स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत 70 से अधिक आयु वाले वृद्ध जनो के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिये। राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बच्चों एवं वृद्धों को निशुल्क वितरण करने वाले चश्मों को शीघ्रता से खरीदने के निर्देश दिए। जनपद में अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी लैब और क्लिनिक पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पोषण अभियान के अंतर्गत चिन्हित सैम बच्चों को दी जा रही दवाओं की समीक्षा करने कर निर्देशित किया कि सभी बच्चों को दवाई समय पर मिले और फॉलोअप सुनिश्चित किया जाए। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में लगी टीमों को निर्देश दिये कि स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में प्रतिमाह विजिट करें तथा आच्छादन संख्या को बढाएं एवं चिन्हित बच्चों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही एफआरयू की प्रगति, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत कार्य की स्थिति, संस्थागत प्रसव, परिवार नियोजन, ई-संजीवनी ओपीडी, ई-कवच, आभा आईडी एवं जन्म-मृत्यु पंजीकरण, टीबी कार्यक्रम, आशा भुगतान, टीकाकरण प्रगति की भी समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सत्यपाल सिंह, सीएमएस डॉ0 एके भंडारी सहित संबंधित अधिकारी और समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारी मौजूद रहे।

## घर में घुसा भारत का सबसे जहरीला सांप, जाबुल यूट्यूबर ने 10 मिनट में किया रेस्क्यू

**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** जनपद के बहजोई क्षेत्र में आज एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। बबराला रोड पर स्थित शीतल यादव के आवास में भारत के सबसे जहरीले सांपों में शुमार रसल वायपर घुस आया। स्थानीय यूट्यूबर जाबुल ने अपनी जान जोखिम में डालकर मात्र 10 मिनट में इस खतरनाक सांप को सुरक्षित पकड़ लिया। यह घटना न केवल निवासियों के लिए चिंता का विषय बनी, बल्कि सांपों के रेस्क्यू की अहमियत को भी रेखांकित करती है। घटना की जानकारी मिलते ही शीतल यादव के परिवार में हड़कंप मच गया। घर के अंदर सांप घूमते देख परिवार वाले घबरा गए और तुरंत स्थानीय यूट्यूबर जाबुल को कॉल किया, जो सांप रेस्क्यू के करने के रूप में इलाके में मशहूर हैं। जाबुल ने मौके पर पहुंचकर बिना किसी हादसे के सांप को पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि रसल वायपर का जहर हीमोटॉक्सिक प्रकार का होता है, जो इंसान के शरीर में खून को जमाने और ऊतकों को नष्ट करने का काम करता है। इस सांप



के काटने से लीवर और किडनी को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। अगर कोई सांप काट ले तो बिना देर किए सीधे सरकारी अस्पताल पहुंचें और एंटी-वेनम लगवाएं। घरेलू उपायों पर भरोसा न करें, ये जानलेवा साबित हो सकते हैं," जाबुल ने लोगों को सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि मानसून के मौसम में ऐसे जहरीले सांप घरों में घुसने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, इसलिए सतर्क रहना जरूरी है। रसल वायपर को भारत में सबसे घातक सांपों में गिना जाता है। यह सांप अपनी तेज गति और छिपने की कला के लिए कुख्यात है। विशेषज्ञों के अनुसार, इसके काटने से हर साल सैकड़ों मौतें होती हैं, खासकर ग्रामीण इलाकों में। जाबुल ने रेस्क्यू के बाद सांप को सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया, ताकि वह किसी को नुकसान न पहुंचा सके। यह घटना बहजोई और आसपास के इलाकों में चर्चा का विषय बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने जाबुल की बहादुरी की सराहना की और सांप रेस्क्यू टीमों को मजबूत करने की मांग की। वन विभाग ने भी लोगों से अपील की है कि ऐसी स्थिति में पेशेवर मदद लें।

## कोठी खिदमतपुर बना सीनियर और सब जूनियर बालक वर्ग खो खो विजेता





**अमरोहा (सब का सपना):-** माध्यमिक शैक्षिक जिला स्तरीय अंडर 14 17 ,19 बालक वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन जे0 एस0 हिन्दू इण्टर कॉलेज अमरोहा मे किया गया। जिसका उद्घाटन जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ प्रवेश कुमार अमरोहा द्वारा किया गया जिसमें सात संकुलों की टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें सर्वप्रथम अंडर 14 बालक वर्ग के मैच कराए गए जिसमें कोठी खिदमतपुर संकुल ने अमरोहा संकुल को हराकर जीत दर्ज की। उसके बाद अंडर 17 वर्षीय बालक वर्ग का फाइनल कोठी खिदमतपुर और बादशाहपुर संकुल के बीच हुआ। जिसमें कोठी खिदमतपुर ने जीत दर्ज की। अंडर-19 बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला बादशाहपुर संकुल और कोठी खिदमतपुर के बीच हुआ। जिसमें बादशाहपुर ने फाइनल में जीत दर्ज की समापन समारोह में आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ जी.पी. सिंह ने विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और सभी का आभार व्यक्त करते हुए समापन की घोषणा की। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा सचिव विजय सिंह , जिला क्रीड़ा प्रभारी सुरेंद्र सिंह ,राजवीर सिंह ,मुनेंद्र सिंह, बीर सिंह,शिव कुमार , शूरवीर त्यागी,लोकेश कुमार, राजीव सिंह , ओवेस जाहिर,मंजीत सिंह,आदि का सहयोग रहा।

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री का आभार आभार प्रकट

**चन्दौसी/सम्भल (सब का सपना):-** केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में कमी करने और कम दरो की आज से जीएसटी लागू होने पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने बड़ा बाजार स्थित सुपर मार्केट में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर देश के प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री का आभार प्रकट किया। व्यापार मंडल के पदाधिकारी मेहताब शम्सी ने पिछली जीएसटी की दरों के माल का बहुत कम कीमत में बेचकर खुशी को दोगुना कर दिया इस बीच जिला अध्यक्ष प्रेम ग्रोवर ने कहा जिस प्रकार मार्केट में मंदी का दौर चल रहा था और दुकानदार हाथ पे हाथ रख बैठा था जीएसटी की दरों कम होने पर प्रदेश के ही नहीं पूरे देश के व्यापारियों ने राहत की सांस ली है। अब व्यापार बढ़ेगा प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी ने कहा स्वदेशी अपनाओ विदेशी भगाओ



नारे के साथ जितने भी विदेशी प्रोडक्ट हैं उसका बहिष्कार किया जाना चाहिए। इसके साथ-साथ ऑनलाइन व्यापार को भी सरकार प्रतिबंध लगाए जीएसटी की दरों कम होने से बाजारों में रौनक लौटेगी और देश तरक्की की राह पर चलेगा। युवा नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने कहा की आज व्यापारियों में जीएसटी की दरों खत्म होने से जो रोज इस्तेमाल की चीज हैं वह सस्ती होगी और बाजारों में रौनक बढ़ेगी। ऑनलाइन व्यापार पर सरकार पूर्णत प्रतिबंध लगाए। इस मौके पर प्रेम ग्रोवर, शाह आलम मंसूरी, उमेर शमसी, मेहताब शमसी, उबेदुर रहमान माज, शमसी, विक्रांत लाल, अनुज वार्ष्णेय, सुफियान, सुभाष मित्तल आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## पंचायती राज विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक का किया गया आयोजन

**बहजोई/संभल (सब का सपना):-** कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में पंचायती राज विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने विकासखंड कोऑर्डिनेटर की प्रगति के विषय में जानकारी प्राप्त की उन्होंने कहा कि जो कोऑर्डिनेटर कार्य ठीक नहीं कर रहा है उसके खिलाफ कार्रवाई संज्ञान में लाई जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायत सहायकों का भुगतान उनकी उपस्थिति के अनुसार करें उसकी प्रत्येक दशा में देख ले। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की प्रगति की चर्चा की गयी। आरआरसी सेंटर की क्रियाशीलता यूजर चार्ज ओडीएफ मॉडल विलेज रिपोर्ट पर चर्चा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सिटिजन पोर्टल पर आई एच एच एल एप्लिकेशन, ओडीएफ प्लस पर व्यय पर चर्चा



की गयी जिसको लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में साप्ताहिक बैठक का आयोजन किया जाए और आरआरसी सेंटर विषय में भी विस्तार पूर्वक जानकारी देना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने फैमिली आईडी एवं फॉर्म रजिस्ट्री को लेकर नाराजगी व्यक्ति की एवं समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की फैमिली आईडी का कार्य शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिस विकास खंड की प्रगति कम है उससे संबंधित अधिकारी का नो वर्क एवं नो पे के आधार पर वेतन काटना सुनिश्चित करें। जिला विकास अधिकारी ने समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश@2047 क्यूआर कोड स्कैनर को ग्राम पंचायत स्तर पर लगाने को लेकर भी चर्चा की जिसको लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा की शत प्रतिशत क्यूआर कोड स्कैनर लगवाना सुनिश्चित करें। समस्त पंचायतों भवनों में दिव्यांगजनों के लिए रैम्प बनायी जाएं। बायोगैस सयंत्र, रेट्रो फिटिंग, केयर टेकर मानदेय, बहुउद्देशीय पंचायती भवन आदि पर चर्चा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने केयरटेकर, रोजगार सेवक, मेठ इत्यादि के भुगतान को लेकर निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित करें इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, जिला पंचायती राज अधिकारी सीपी सिंह तथ समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं एडीओ पंचायत तथा संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दिल्ली में हाईटेक रामलीला का मंचन आज से, कई फिल्मी और टीवी कलाकार निभाएंगे प्रमुख किरदार

**नई दिल्ली।** राजधानी में सोमवार से रामलीला मंचन का भव्य आगाज होगा। लालकिला मैदान से लेकर अशोक विहार, रोहिणी, पीतमपुरा, शालीमार बाग व द्वारका सहित कई स्थानों पर सजे हाईटेक पंडालों में भगवान श्रीराम की लीला का मंचन होगा। इस बार दर्शक न सिर्फ पारंपरिक भक्ति रस में डूबेंगे बल्कि उन्हें आधुनिक तकनीक और फिल्मी कलाकारों के संगम से सजी भव्य झांकियां भी देखने को मिलेंगी। दिल्ली की छोटी-बड़ी करीब 600 सौ रामलीला कमेटियों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। इनमें से लगभग 50 जगहों पर हाईटेक मंचन होगा। दर्शकों के मनोरंजन और सुविधा को देखते हुए लीला कमेटियों ने पंडालों को प्राचीन संस्कृति की झलक से सजाया है। साथ ही, सुरक्षा और



आपात स्थिति के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। लवकुश की रामलीला में महाभारत लालकिला मैदान की लवकुश रामलीला सबसे चर्चित रहती है। इस बार भी यहां फिल्म और टीवी जगत के नामचीन चेहरे हिस्सा लेंगे। भगवान श्रीराम की भूमिका फिल्म अभिनेता किंशुक वैद्य निभाएंगे। डॉ. राजन शर्मा लक्ष्मण तो अभिनेत्री रिनी आर्या सीता बनेंगी। हनुमान की भूमिका गुजराती पृष्ठभूमि से जुड़े थियेटर कलाकार मल्हार पांड्या निभाएंगे। अभिनेता आर्य बब्बर करेंगे रावण बनेंगे। वहीं, मंदोदरी के रूप में अभिनेत्री व मॉडल पूनम पांडे को लिया गया है। हालांकि, उनके चयन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। धार्मिक

**मंदोदरी के रूप में अभिनेत्री व मॉडल पूनम पांडे को लिया गया है। हालांकि, उनके चयन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। धार्मिक संगठनों और कुछ पदाधिकारियों ने पूनम के पूर्व बयानों को आधार बनाकर आपत्ति जताकर रामलीला से बाहर करने की मांग की है।**

संगठनों और कुछ पदाधिकारियों ने पूनम के पूर्व बयानों को आधार बनाकर आपत्ति जताकर रामलीला से बाहर करने की मांग की है। फिलहाल, कमेटी ने इस पर कोई निर्णय नहीं लिया है और वरिष्ठ पदाधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। नव श्री धार्मिक लीला कमेटी लालकिला के सामने 1958 से लगातार रामलीला करने वाली नव श्री धार्मिक लीला कमेटी इस बार मंचन को और भी आधुनिक और प्रभावशाली बनाने जा रही है। पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। वॉयस मॉड्यूलेशन, लाइट और साउंड इफेक्ट्स को एआई से जोड़ा जाएगा ताकि हर दृश्य अधिक वास्तविक और दर्शनीय लगे। धारावाहिक रामायण जैसी तकनीक रामलीलाओं में दर्शकों को टीवी धारावाहिक रामायण जैसी तकनीक का अनुभव मिलेगा। कंप्यूटराइज्ड लाइट और साउंड के साथ भगवान हनुमान का आकाश में उड़ना, तलवारों से चिंगारियाँ, अग्नि तीर और विलाप के दृश्य, समुद्र की लहरें, आकाश से पुष्पवर्षा और देवी-देवताओं का आगमन मंच पर जीवंत किया जाएगा। साथ ही, जादू शो, हास्य कवि सम्मेलन, कृष्ण-सुदामा नृत्य नाटिका, संकीर्तन और आदिवासी बच्चों के भजन भी पेश किए जाएंगे। यमुनापार में भव्य रामलीला, इंडिया गेट जैसे मुख्य गेट से प्रवेश करेंगे दर्शक यमुनापार के विवेक विहार के डीडीए ग्राउंड में होने वाली भव्य रामलीला के लिए सोसाइटी की ओर से बेहतर इंतजाम किया गया है। दर्शक ग्राउंड में इंडिया गेट रूपी मुख्य गेट से प्रवेश करेंगे, जबकि रामलीला का मंचन लाल किले के रूप में तैयार किए गए स्टेज पर होगा। इस भव्य मंच पर देश का विशाल झंडा भी लगाया गया है जिसकी ऊंचाई करीब 50 फुट है। तीन मंजिला इस मंच पर आने वाले कलाकार युद्धक दृश्यों का भव्य प्रदर्शन करेंगे। कमेटी के प्रधान सतीश लूथरा ने बताया कि इस साल की रामलीला ऑपरेशन सिंदूर थीम पर आधारित है।

## थाने की महिला हेल्प डेस्क की मिशन शक्ति केंद्र के रूप में होगी पहचान

**गाजियाबाद।** जिले के सभी थानों में संचालित महिला हेल्प डेस्क की पहचान अब मिशन शक्ति केंद्र के रूप में होगी। इसमें एक महिला उपनिरीक्षक के अलावा कुल 10 पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि मिशन शक्ति केंद्रों पर अलग से वाहन समेत अन्य संसाधन भी जुटाए जाएंगे। एसीपी महिला अपराध सलोनी अग्रवाल ने बताया कि मिशन शक्ति केंद्र पर महिलाओं की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई होगी। उनको कहीं दूसरी जगह भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। केंद्र की ओर से महिलाओं को जागरूक करने संबंधी गतिविधियां भी समय समय पर की जाएंगी। महिला अधिकारियों व कर्मचारियों ने निकाली रैली : महिला पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने रविवार शाम को बाइक रैली निकाली। रैली को पुलिस आयुक्त रविंद्र जे गौड़ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली पुलिस लाइन से शुरू होकर संतोष मेडिकल कॉलेज, चौधरी मोड़, हापुड रोड से होकर वापस पुलिस लाइन पहुंचकर संपन्न हुई। पुलिस आयुक्त ने बताया कि महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से रैली निकाली गई। 197 बाइक शमिल रहीं।

## छह माह के लिए जिलाबदर किए गए आठ आरोपी

**गाजियाबाद।** अतिरिक्त पुलिस आयुक्त न्यायालय ने जिले के आठ शातिर आरोपियों को छह माह के लिए जिलाबदर किया है। इस समयावधि में कोई भी आरोपी जिले की सीमा में दिखा तो उसको गिरफ्तार किया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त केशव चौधरी ने बताया कि मुरादनगर सरना निवासी सावेज, ट्रोनिका सिटी राम पार्क निवासी निखिल, लिंक रोड साहिबाबाद निवासी सत्यभान, संग पार्क खोड़ा निवासी अंकित, नंदग्राम नूरनगर निवासी सौरभ, शालीमार गार्डन निवासी शाहिद, क्रॉसिंग रिपब्लिक बागू निवासी आदित्य, नंदग्राम सिहानी निवासी रवि शर्मा को जिलाबदर किया गया। इन आरोपियों के खिलाफ थाने में कई मुकदमे गंभीर धाराओं में दर्ज हैं। आरोपियों के कृत्य से समाज में भय का माहौल है। कोई भी व्यक्ति इनके सामने बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पाता। बता दें कि पुलिस ने इस वर्ष अब तक 108 आरोपियों को जिलाबदर किया है। 64 आरोपियों को थाने में हाजिरी देने के आदेश दिए गए हैं।

## पत्नी और ससुरालियों की प्रताड़ना से परेशान युवक ने खाया जहर, अस्पताल में मौत

**मोदीनगर।** भोजपुर के गांव मुकीमपुर निवासी युवक मनीष कुमार ने पत्नी और ससुराल वालों की प्रताड़ना व ताने से परेशान होकर कीटनाशक का सेवन कर लिया। मनीष को उपचार के लिए पिलखुवा के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत से पहले दिए बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने पत्नी समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पिलखुवा से सटे भोजपुर क्षेत्र के गांव मुकीमपुर निवासी किसान मनीष कुमार गुलाब की खेती करते थे। मनीष कुमार और छोटे भाई हर्ष कुमार की शादी लगभग दो वर्ष पहले बुलंदशहर के थाना अहमदगढ़ स्थित गांव ककरियां खेरा निवासी चचेरी बहनों से हुई थी। मनीष कुमार की शादी अनिल की पुत्री वर्षा के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही वर्षा और उसके मायके वाले पैतृक संपत्ति नाम कराने के लिए मनीष को प्रताड़ित करते थे। हर्ष कुमार ने बताया कि बीते माह वर्षा अपने मायके चली गईं। भाई मनीष कुमार बीते आठ सितंबर को वर्षा को लेने ससुराल गया था। आरोप है कि वहां ससुराल वालों ने मनीष कुमार पर पैतृक संपत्ति पत्नी वर्षा के नाम कराने का दबाव बनाया। संपत्ति नाम नहीं कराने पर मनीष कुमार को अपमानित किया। धमकाया कि अगर पैतृक संपत्ति पत्नी वर्षा के नाम नहीं कराई तो पूरे परिवार को झूठे मुकदमें में जेल भिजवा देंगे। इसके साथ ही ससुराल वालों ने मनीष कुमार को अपमानित करते हुए ताना दिया कि अगर संपत्ति वर्षा के नाम नहीं करा सकता तो जहर खाकर मर जाना पर कभी हमारे घर मत आना। मनीष कुमार ने ससुराल से लौटने के बाद 10 सितंबर को कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजनों ने मनीष कुमार को पिलखुवा स्थित अस्पताल में भर्ती कराया। लगभग एक सप्ताहभर उपचार के बाद बीते बृहस्पतिवार को मनीष ने दम तोड़ दिया। मनीष ने मौत से पहले अपने बयान दिए। मनीष के बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शनिवार रात भाई हर्ष कुमार ने भोजपुर थाने में घटना की तहरीर दी। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि तहरीर के अनुसार पत्नी वर्षा, ससुर अनिल, चचिया ससुर सुनील और वर्षा की दादी निवासी गांव ककरियां खेरा जनपद बुलंदशहर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## डीयू ऑन-स्पॉट मॉप-अप राउंड के लिए कल से शुरू होगी दाखिला प्रक्रिया, 9194 सीटें अभी खाली

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातक (डीयू) कार्यक्रमों में ऑन द स्पॉट मॉप अप राउंड एडमिशन की प्रक्रिया 23 सितंबर 2025 से शुरू हो रही है। इस राउंड में कुल 9194 खाली सीटों को भरने की कवायद होगी। दाखिला के समय उम्मीदवार का व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य होगा। 9194 सीटें अब भी खाली डीयू ने मॉप अप राउंड-1 के तहत खाली रह गई सीटों को भरने के लिए फिर से कवायद शुरू की थी। 9194 सीटें खाली रह गई थी। इसमें सामान्य श्रेणी में विभिन्न कार्यक्रमों में 1439, ओबीसी श्रेणी में 2136, एससी श्रेणी में 1092, एसटी श्रेणी में 1528, ईडब्ल्यूएस में 1248, दिव्यांग श्रेणी में 1263, सिख में 246 और क्रिश्चियन में 242 सीटें




खाली पड़ी हैं। इन खाली सीटों पर दाखिला के लिए डीयू ने 19 सितंबर तक पंजीकरण के निर्देश दिए थे। विश्वविद्यालय किस कॉलेज में किस कार्यक्रम की सीट खाली पड़ी है उसको लेकर सूचना जारी कर चुका है। आवंटन और प्रवेश सीट आवंटन और दाखिला की प्रक्रिया 23 सितंबर से शुरू होगी। मेरिट और सीट की उपलब्धता के आधार पर उम्मीदवार को आमंत्रित किया जाएगा। इसकी सूची छात्रों को ईमेल के जरिए भेजी जाएगी। उसके बाद छात्रों को विश्वविद्यालय में रिपोर्ट करना होगा। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय के अनुसार उम्मीदवार को रिपोर्ट करना होगा। अनुपस्थित रहने पर किसी शिकायत को स्वीकार नहीं किया जाएगा। एक बार आवंटित सीट अंतिम होगी उसके बाद कोई अपग्रेड और दाखिला वापस नहीं लिया जाएगा। सीट आवंटन के समय अगर कोई उम्मीदवार ऑनलाइन दाखिला शुल्क जमा करने में विफल होता है तो उस सीट को तुरंत रद्द कर अगले उम्मीदवार को आवंटित किया जाएगा। अगर उम्मीदवार निर्धारित समय पर रिपोर्ट नहीं करता है तो दाखिले के दावे को किसी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। दाखिले के समय दस्तावेजों में कमी मिलने पर उम्मीदवार को रद्द कर दिया जाएगा। विश्वविद्यालय ने उम्मीदवारों को परामर्श दिया है कि स्पॉट दाखिला होने के कारण वह फीस के लिए खाते में पर्याप्त धन रखें। स्पॉट दाखिला के लिए यह दस्तावेज जरूरी आमंत्रण पत्र की प्रति सीएसएएस (यूजी) फॉर्म की प्रति कक्षा 12वीं की मार्कशीट और सर्टिफिकेट कक्षा दसवीं की मार्कशीट बर्थ सर्टिफिकेट भारत सरकार द्वारा जारी पहचाा से जुड़ा दस्तावेज आरक्षण/ कैटेगरी सर्टिफिकेट (मान्य

## अभिनेत्री पूनम पांडे का एलान, दिल्ली की रामलीला में निभाएंगी मंदोदरी का किरदार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल किले में होने वाले भव्य लव-कुश रामलीला के लिए एक्ट्रेस पूनम पांडे को मंदोदरी के किरदार के लिए चुना गया है। जिसको लेकर सोशल मीडिया पर विवाद छिड़ा हुआ है तो वहीं दूसरी तरफ पूनम पांडे ने एक बड़ा एलान कर सभी को चौंका दिया है। रामलीला में मंदोदरी बनी पूनम पांडे वहीं, मंदोदरी के रूप में अभिनेत्री व मॉडल पूनम पांडे को लिया गया है। हालांकि, उनके चयन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। धार्मिक संगठनों और कुछ पदाधिकारियों ने पूनम के पूर्व बयानों को आधार बनाकर आपत्ति जताकर रामलीला से बाहर करने की मांग की है। फिलहाल, कमेटी ने इस पर कोई निर्णय नहीं लिया है और वरिष्ठ पदाधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। धारावाहिक रामायण जैसी तकनीक



रामलीलाओं में दर्शकों को टीवी धारावाहिक रामायण जैसी तकनीक का अनुभव मिलेगा। कंप्यूटराइज्ड लाइट और साउंड के साथ भगवान हनुमान का आकाश में उड़ना, तलवारों से चिंगारियाँ, अग्नि तीर और विलाप के दृश्य, समुद्र की लहरें, आकाश से पुष्पवर्षा और देवी-देवताओं का आगमन मंच पर जीवंत किया जाएगा। साथ ही, जादू शो, हास्य कवि सम्मेलन, कृष्ण-सुदामा नृत्य नाटिका, संकीर्तन और आदिवासी बच्चों के भजन भी पेश किए जाएंगे। यमुनापार में भव्य रामलीला, इंडिया गेट जैसे मुख्य गेट से प्रवेश करेंगे दर्शक यमुनापार के विवेक विहार के डीडीए ग्राउंड में होने वाली भव्य रामलीला के लिए सोसाइटी की ओर से बेहतर इंतजाम किया गया है। दर्शक ग्राउंड में इंडिया गेट रूपी मुख्य गेट से प्रवेश करेंगे, जबकि रामलीला का मंचन लाल किले के रूप में तैयार किए गए स्टेज पर होगा। इस भव्य मंच पर देश का विशाल झंडा भी लगाया गया है जिसकी ऊंचाई करीब 50 फुट है। तीन मंजिला इस मंच पर आने वाले कलाकार युद्धक दृश्यों का भव्य प्रदर्शन करेंगे। कमेटी के प्रधान सतीश लूथरा ने बताया कि इस साल की रामलीला ऑपरेशन सिंदूर थीम पर आधारित है। यमुना पार स्थित यह मंच हूबहू लाल किले जैसी संरचना में तैयार किया गया है। रामलीला का आगाज 22 सितंबर से होगा, लेकिन कमेटी ने 20 सितंबर से ही कार्यक्रमों की शुरूआत कर दी थी। 20 सितंबर को राधा-कृष्ण भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें कई प्रसिद्ध गायक शामिल हुए। वहीं, 21 सितंबर को डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। उसमें विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों का जमावड़ा देखने को मिलेगा।

## ग्रेनो वेस्ट में भक्ति और बंगाली संस्कृति का भव्य संगम, बारिर पूजा में शामिल हुए भक्त

**नोएडा :** आनंदोधारा बंगाली सांस्कृतिक संघ (एबीसीए) ने अपनी चौथी वर्षगांठ के अवसर पर शारद उत्सव-2025' के रूप में मनाए जाने वाली दुर्गा पूजा की भव्य घोषणा की है। इस अवसर पर आयोजित तर्पण और खूंटी पूजा समारोह में लगभग 550 लोगों ने उत्साह और भक्ति के साथ भाग लिया। अमर उजाला इस आयोजन का मीडिया पार्टनर है। ह्यबारिर पूजा थीम के साथ इस वर्ष की पूजा को खास बनाया गया है। यह थीम बंगाली संस्कृति की गहरी जड़ों और पारिवारिक एकता को दर्शाती है। ढाक की थाप, शिउली फूलों की खुशबू और पुष्पांजलि की भक्ति से भरा यह उत्सव घर से दूर घर का अहसास कराता है। 2022 में स्थापित एबीसीए ने केवल चार वर्षों में 200 से अधिक सदस्यों के साथ एक मजबूत समुदाय का निर्माण किया है। यह संगठन ग्रेटर नोएडा वेस्ट में बंगाली संस्कृति को बढ़ावा देने और सामुदायिक एकता को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। पीसी चंद्रा ज्वैलर्स ने अपने विशेष कलेक्शन के साथ पूजा स्थल पर आकर्षण का केंद्र बनाया, जहां उनकी नवीनतम ज्वैलरी कलेक्शन की बिक्री ने ग्राहकों का ध्यान खींचा। यह आयोजन न केवल धार्मिक उत्सव है, बल्कि बंगाली समुदाय के लिए सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ढाक, पुष्पांजलि, और सांस्कृतिक संध्याओं ने उत्सव को यादगार बनाया। आनंदोधारा बंगाली सांस्कृतिक संघ ग्रेटर नोएडा वेस्ट में संस्कृति और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने के अपने मिशन को जारी रखे हैं। सभी समुदाय के लोगों को इस उत्सव में शामिल होने और मां दुर्गा का आशीर्वाद लेने के लिए

## 70 करोड़ की ठगी का पर्दाफाश: सरकारी टेंडर का जाल बिछाया...फर्जी आईएएस बन ठगा, मास्टरमाइंड समेत तीन गिरफ्तार




**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग ने फर्जी सरकारी वेबसाइट और टेंडर के नाम पर व्यापारियों को ठगने वाले एक बड़े गिरोह को पकड़ा है। एडिशनल सीपी अमरूता गुगलोत के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। टीम ने मास्टरमाइंड रत्नाकर, उनकी पत्नी अनीता और स्टेट हेड सौरभ को गिरफ्तार किया गया। इस फ्रॉड में अब तक 60-70 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। पूरे देश से 15 से अधिक पीड़ितों ने शिकायत की थी। गिरोह ने 'राष्ट्रीय ग्रामीण साक्षरता मिशन' यानी आजीएसएम नाम की फर्जी वेबसाइट बनाई, जो केंद्रीय सरकार की पहल बताई गई। इस वेबसाइट के जरिए स्कूल यूनिफॉर्म, मेडिकल किट जैसे सामान के फर्जी टेंडर जारी किए जाते थे। आरोपी भारत सरकार के नाम से दस्तावेज तैयार करते, स्टांप ड्यूटी वसूलते और कमीशन के नाम पर पैसे ऐंठते। सामान डिलीवर करने के बाद भुगतान के बहाने अतिरिक्त रकम मांगते और फरार हो जाते। एडिशनल सीपी अमरूता गुगलोत ने बताया ने आरजीएसएम एक पूरी तरह फर्जी संस्था थी। आरोपी ने गाजियाबाद और उत्तम नगर में फ्लैट खरीदे, लग्जरी कारें लीं और ट्रस्ट के खाते से 3.5 करोड़ रुपये निकाल लिए। गिरोह ने बाराखंबा रोड पर फर्जी दफ्तर भी खोला, जहां मीटिंग्स आयोजित की जातीं। इन मीटिंग्स में फर्जी लोगों को आईएएस अधिकारी बनाकर पीड़ितों को भ्रमित किया जाता था।

## पीएम साहब आप भी तो कुछ कीजिए?: पहले खुद विदेशी जहाज और अमेरिकी कंपनियां छोड़ो, केजरीवाल का मोदी पर तंज



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एक बार फिर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी, आप चाहते हैं कि जनता स्वदेशी इस्तेमाल करे। एक्स पर अरविंद केजरीवाल ने लिखा कि आप खुद स्वदेशी इस्तेमाल करना शुरू कीजिए? जिस विदेशी जहाज से रोज घूमते हैं। उसे छोड़ दीजिए। सारा दिन जितने विदेशी समान इस्तेमाल करते हैं। उन्हें छोड़ दीजिए। आगे कहा कि आप भारत में काम कर रही चार अमेरिकी कंपनियों को बंद कर दीजिए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रोज भारत और भारतीयों का अपमान करते हैं। आप भी तो कुछ कीजिए? लोग अपने प्रधान मंत्री से एक्शन की उम्मीद रखते हैं। प्रवचन की नहीं।

## ठीक से स्कूटी चलाने की दी नसीहत तो युवकों ने कार सवार दंपती को पीटा, पति को किया लहूलुहान




**नई दिल्ली।** अलीपुर इलाके में कार सवार दंपती ने स्कूटी लहाराकर सड़क पर चला रहे युवकों को टोका तो उन्होंने पति-पत्नी को पीट दिया। दो युवकों ने कार चालक प्रवीण (36) को मार-मारकर लहूलुहान कर दिया जबकि उनकी पत्नी भारती से हाथापाई की। पीड़ित दंपती की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और दोनों आरोपियों की तलाश में जुटी है। प्रवीण सपरिवार अलीपुर के बख्तावरपुर गांव में रहते हैं और टेंट का काम करते हैं। अलीपुर थाने में दर्ज प्राथमिकी में प्रवीण ने बताया कि 15 सितंबर वह अपनी पत्नी भारती के साथ कार से बख्तावरपुर मार्केट आए थे। खरीदारी के बाद दोनों घर लौटने लगे तभी रास्ते में स्कूटी सवार दो युवक उनकी कार को खतरनाक तरीके से ओवरटेक करने लगे। कार से उनकी स्कूटी टच होने से बच गई। उन्होंने स्कूटी सवार युवकों को रोककर उन्हें ठीक से स्कूटी चलाने की नसीहत दी तभी दोनों युवक गाली-गलौज करने लगे। दोनों उन्हें छोड़कर वापस कार में बैठने लगे तभी दोनों युवक प्रवीण को पीटने लगे। भारती ने बीच- बचाव की कोशिश की तो आरोप है कि युवकों ने उनके साथ धक्का-मुक्की की। इससे वह सड़क पर गिर गईं। एक युवक ने प्रवीण को पकड़ लिया, जबकि दूसरे ने नुकीले हथियार से कान और पीठ पर हमला कर दिया। इस बीच पत्नी ने पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। प्रवीण को लहूलुहान कर दोनों युवक स्कूटी पर सवार होकर भाग गए। मौके पर पहुंचे पीसीआर कर्मी उन्हें राजा हरिश्चंद अस्पताल ले गए। अलीपुर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची, लेकिन चोट की वजह से प्रवीण बयान देने की स्थिति में नहीं थे। पुलिस ने दो दिन बाद पीड़ित का बयान दर्ज किया और सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के जरिये हमलावरों को की पहचान करने में जुटी है।

## ड्रग्स का डर दिखाकर पूर्व बैंक अधिकारी को किया डिजिटल अरेस्ट, दिल्ली में 23 करोड़ की ठगी

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के हौजखास इलाके में साइबर ठगों ने पूर्व बैंक अधिकारी से 23 करोड़ रुपये ठग लिए। आरोपियों ने पहले पुलिस अधिकारी, बाद में प्रवर्तन निदेशालय व सीबीआई अधिकारी बनकर बुजुर्ग को मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त बताकर डरा दिया। बुजुर्ग की शिकायत पर इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) टीम ने साइबर ठगों के बैंक खातों में ठगी के 12.11 करोड़ रुपये फ्रीज करवा दिए। पुलिस के मुताबिक पीड़ित नरेश मल्होत्रा (73) परिवार के साथ हौजखास इलाके में रहते हैं। वह सरकारी बैंक से रिटायर हैं। पीड़ित ने बताया कि चार अगस्त को उनके पास एक शख्स का कॉल आया। कॉलर ने खुद को मुंबई पुलिस का अधिकारी बताकर कहा कि वह ड्रग्स की तस्करी में शामिल हैं। उनके नाम से विदेश भेजा गया पार्सल पकड़ा गया है, जिसमे ड्रग्स मिले हैं। आरोपियों ने पीड़ित को गिरफ्तारी का डर दिखाकर उनके फ्लैट में कैद कर लिया। बदमाशों का कहना था कि जब तक वह नहीं कहेंगे तक वह न तो बाहर जाएंगे और न किसी को कॉल करेंगे। इसके बाद आरोपियों ने डराकर पीड़ित के खाते से रकम ट्रांसफर करवानी शुरू कर दी। पीड़ित इतनी बुरी तरह डरे हुए थे कि वह ठगों के अनुसार बताए हुए बैंक खातों में रुपये ट्रांसफर करते रहे। आरोपियों ने पीड़ित के तीन बैंक खातों को खाली करवा दिया। यह सिलसिला चार सितंबर तक चला। डर के कारण पीड़ित ने किसी को भी कुछ नहीं बताया। बाद में ठगे जाने का अहसास होने पर शुक्रवार को उन्होंने एनसीआरपी के पोर्टल पर ऑन लाइन शिकायत की। बाद में आईएफएसओ ने मामला दर्ज कर आधी से ज्यादा रकम फ्रीज करवा दी है।

## गाजीपुर लैंडफिल हटाना बड़ी चुनौती, 2026 है सरकार का लक्ष्य, एमसीडी की ऐसी है हालत

**नई दिल्ली।** एमसीडी की तमाम कोशिशों के बावजूद गाजीपुर सेनेटरी लैंडफिल साइट राजधानी की सबसे बड़ी पर्यावरणीय समस्या बनी हुई है। राजधानी की भलस्वा व ओखला लैंडफिल साइट की तुलना में यहां से कचरा हटाने का कार्य काफी धीमा चल रहा है। ऐसे में अगले साल के अंत तक पूरी तरह कचरा हटना मुश्किल है। दिल्ली सरकार ने एमसीडी को अगले साल दिसंबर तक कूड़ा मुक्त करने के निर्देश दिए हैं जबकि एमसीडी ने दिसबंर 2027 तक यहां से पूरी तरह कूड़ा हटाने का लक्ष्य रखा हुआ है। एमसीडी के अनुसार, जून 2022 के ड्रोन सर्वे



के अनुसार गाजीपुर लैंडफिल साइट पर 85 लाख मीट्रिक टन कचरा जमा था। इसके बाद जुलाई 2022 से अगस्त 2025 तक 20 लाख मीट्रिक टन कचरा और गाद यहां डाली गई। तीन वर्षों से अधिक समय में एमसीडी केवल 23 लाख मीट्रिक टन कचरे की ही बायो-माइनिंग कर सकी है। नतीजा यह है कि आज भी यहां 82 लाख मीट्रिक टन कचरा पड़ा है। यहां स्थिति इतनी गंभीर है कि दिल्ली सरकार के आदेश के

**गाजीपुर लैंडफिल साइट पर 82 लाख मीट्रिक टन कचरे का निपटान धीमी गति से हो रहा है। जिससे दिल्ली सरकार का 2026 तक कूड़ा मुक्त करने का लक्ष्य मुश्किल लग रहा है।**

तहत दिसंबर 2026 तक इसे पूरी तरह कूड़ा मुक्त करने का लक्ष्य मात्र कागजी साबित होता दिख रहा है। मौजूदा रफ्तार से अगले सवा साल में इतने बड़े कचरे के पहाड़े का निपटान कर पाना असंभव प्रतीत हो रहा है। गाजीपुर साइट इसलिए बनी सबसे बड़ा संकट गाजीपुर में दशकों से लगातार कचरा डाला जा रहा है। यहां ऊंचाई और घनत्व इतना बढ़ चुका है कि बायो-माइनिंग की प्रक्रिया धीमी पड़ गई है। मशीनरी व संसाधनों की कमी और पर्याप्त निगरानी न होने से काम की गति बेहद सुस्त है। प्रदूषण, बदबू और जहरीली गैसों से स्थानीय लोगों का जीना मुहाल है। यही वजह है कि गाजीपुर आज भी दिल्ली की सबसे बड़ी कचरा समस्या बना हुआ है। गाजीपुर के लिए भावी योजना 35 एकड़ में एसडब्ल्यूएम (ठोस अपशिष्ट प्रबंधन) सुविधाएं विकसित होंगी। 15 एकड़ में 2000 टन प्रतिदिन क्षमता का वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट लगाया जाएगा। 10 एकड़ में 500 टन प्रतिदिन क्षमता का बायोमेथेनेशन/बायो-सीएनजी प्लांट स्थापित होगा। 10 एकड़ क्षेत्र में घना जंगल विकसित किया जाएगा। भलस्वा और ओखला में उम्मीदें भलस्वा और ओखला लैंडफिल साइट पर काम की गति कहीं बेहतर है। भलस्वा में 63 लाख मीट्रिक टन और ओखला में 42 लाख मीट्रिक टन कचरे का निपटान किया जा चुका है। यहां जुलाई 2026 व दिसंबर 2026 की समयसीमा के भीतर सफाई पूरी होने की संभावना मजबूत मानी जा रही है।

## अब ट्रेन में महिलाओं के लिए फुल सुरक्षा, रेलवे पुलिस ने शुरू की मेरी सहेली ऐप



अंबाला : रेलवे पुलिस की ओर से महिलाओं की सुरक्षा के लिए 'मेरी सहेली' एप शुरू किया गया है, जिसके माध्यम से महिलाओं को सुरक्षा प्रदान की जाती है। अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर RPF की टीम ने महिलाओं को इस एप की जानकारी दी और इसके इस्तेमाल के बारे में विस्तार से समझाया। रेलवे पुलिस महिलाओं की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठा रही है। इसी कड़ी में, 'मेरी सहेली' एप के माध्यम से महिलाओं को सुरक्षा दी जाती है। रेलवे पुलिस समय-समय पर महिलाओं को इस एप के बारे में जागरूक करती है ताकि वे इसे सही तरीके से इस्तेमाल कर सकें। अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर RPF की मेरी सहेली टीम ने महिलाओं को बताया कि किन परिस्थितियों में और कैसे इस एप का उपयोग किया जाता है। पुलिस द्वारा महिलाओं के फोन में यह एप इंस्टॉल करवाया जाता है और इमरजेंसी की स्थिति में हर संभव मदद का भरोसा दिया जाता है। अंबाला कैंट आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि यह एप 2020 से कार्यरत है और महिलाएं इसमें सहायता पाने के लिए इसका उपयोग करती हैं। मेरी सहेली टीम महिलाओं से लगातार संपर्क में रहती है और उन्हें इस एप की जानकारी देती रहती है ताकि जरूरत पड़ने पर वे इसका सही उपयोग कर सकें।

# नवरात्र के पहले दिन माता मनसा देवी मंदिर पहुंचे सीएम सैनी, पत्नी संग मां के चरणों में नवाया शीश

डेस्कः आज से शारदीय नवरात्र शुरू हो गए हैं। इस अवसर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी श्री माता मनसा देवी मंदिर पहुंचे और अपनी धर्मपत्नी सुमन सैनी के साथ श्री माता मनसा देवी के चरणों में शीश नवाया और आशीर्वाद प्राप्त किया। मनसा देवी मंदिर में माता रानी के दर्शनों के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पूजा-अर्चना और यज्ञ-हवन में भी हिस्सा लिया। नवरात्र के पहले दिन मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और वातावरण 'जय माता दी' के जयघोष से गूंज उठा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना करते हुए कहा कि नवरात्र जैसे पावन पर्व समाज में आस्था, शक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देते हैं। आगे उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का विशेष धन्यवाद करता हूं। प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त को जीएसटी सुधारों का ऐलान किया था और महज एक महीने के भीतर इसे लागू किया। कई वस्तुओं पर जीएसटी जीरो कर दिया गया है।



**नवरात्र के अवसर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी श्री माता मनसा देवी मंदिर पहुंचे और अपनी धर्मपत्नी सुमन सैनी के साथ श्री माता मनसा देवी के चरणों में शीश नवाया और आशीर्वाद प्राप्त किया।**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयानों पर टिप्पणी करते हुए सीएम सैनी ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय इंस्पेक्टरी राज चलता था, लोगों के कपड़े तक उतार लिए जाते थे।

तब भी खड़गे साहब थे। आज वही कांग्रेस जीएसटी सुधारों का विरोध कर रही है। सैनी ने कहा कि हरियाणा की बात करें, तो 4 हजार करोड़ रुपये का जीएसटी कम हुआ है। खड़गे और कांग्रेस को तो हर चीज में कमी नजर आती है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि प्रदेश में धान की खरीद प्रक्रिया आज से ही शुरू हो रही है और साथ ही जीएसटी की नई दरें भी लागू हो गई हैं, जिसका सभी को लाभ मिल रहा है।

## पाक बॉर्डर से पकड़ा हरियाणा का युवक, पूछताछ में ये बात आई सामने



बहादुरगढ़ : भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक हरियाणा के एक युवक को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पकड़कर थाना सदर पुलिस के सुपुर्द किया। सूचना मिलते ही युवक के परिजन थाने पहुंचे और बताया कि उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं है, जिसके चलते वह गलती से सीमावर्ती क्षेत्र में चला गया। बीएसएफ और इंटेलिजेंस टीम द्वारा जांच पूरी करने के बाद युवक को परिजनों के हवाले कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि युवक का सीमावर्ती इलाके में जाना पूरी तरह से अनजाने में हुआ और किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि सामने नहीं आई है। इस घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने क्षेत्र में सतर्कता और बढ़ा दी है। थाना सदर के एसएचवो हरदेव सिंह बेदी ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि युवक हरियाणा के झज्जर जिले के बहादुरगढ़ का निवासी है और उसके कुछ रिश्तेदार फाजिल्का में रहते हैं। परिजनों ने भी पुष्टि की कि युवक लंबे समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ है।

## दीवाली से पहले बड़ी मात्रा में नकली देशी घी पकड़ा, आरोपी ऑटो से करता था सप्लाई



गोहाना : गोहाना में त्योहारों के सीजन से पहले पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में नकली देशी घी पकड़ा है। गोहाना सिटी थाना पुलिस और खाद्य सुरक्षा अधिकारी की संयुक्त टीम ने जींद जिले के गांव बीबीपुर निवासी जसबीर को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार आरोपी जसबीर ऑटो में विभिन्न ब्रांड के नकली देशी घी भरकर गोहाना में सप्लाई करने जा रहा था। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. बीरेंद्र सिंह को इसकी सूचना मिली, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर ऑटो से 28 पेटी नकली देशी घी बरामद कर लिया। गोहाना सिटी थाना एसएचओ अरुण नर ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह किन-किन दुकानदारों को नकली घी सप्लाई करने जा रहा था। शुरूआती जांच में खुलासा हुआ है कि यह घी जींद के पिल्लूखेड़ा कस्बे में बनी एक फैक्ट्री से लाया गया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और फैक्ट्री तक पहुंचने के लिए आगे की जांच तेज कर दी है।

# हरियाणा में 28.10 लाख एकड़ फसल की नहीं हुई गिरदावरी, इन जिलों में हुआ सबसे ज्यादा नुकसान

हरियाणा : इस साल हरियाणा में भारी बारिश ने खरीफ की फसलों को गहरा नुकसान पहुंचाया है। नरमा, बाजरा, ज्वार, मूंग और ग्वार की फसल सबसे अधिक प्रभावित हुई है। किसानों की परेशानी को देखते हुए प्रदेश सरकार ने विशेष गिरदावरी के आदेश जारी किए हैं और राजस्व विभाग ने इसका कार्य भी शुरू कर दिया है। हालांकि, पटवारियों की कमी और कई खेतों में पानी भरा होने के कारण अब तक 28.10 लाख एकड़ फसल की गिरदावरी पूरी नहीं हो पाई है। प्रदेश के 5,08,165 किसानों ने करीब 29.79 लाख एकड़ फसल खराब होने की शिकायत क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज कराई है। आंकड़ों के अनुसार पंचकूला, पानीपत, फरीदाबाद और चरखी दादरी में अपेक्षाकृत कम नुकसान हुआ है, जबकि अन्य जिलों में व्यापक नुकसान देखने को मिला है। जिनमें अंबाला के 434, यमुनानगर के 323, मेवात के 440, कुरुक्षेत्र के 391, करनाल के 311, रेवाड़ी के 406, सिरसा के 325, सोनीपत के 303, पलवल के 286 गांवों में फसलें प्रभावित हुई हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि गिरदावरी में देरी से किसानों को मुआवजा मिलने में दिक्कत हो सकती है, इसलिए प्रक्रिया को जल्द पूरा करना जरूरी है।



## कुरुक्षेत्र में पुलिस की फिर बड़ी कार्रवाई, अवैध हथियारों सहित 5 शूटर पकड़े



कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आपराधिक मामलों में संलिप्त 5 शूटरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4 तमंचे, 4 जिंदा कारतूस और एक कार भी बरामद की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। एडिशनल एसपी प्रतीक गहलोत ने जानकारी दी कि हाल ही में कुरुक्षेत्र के आइलाइट सेंटर और लाडवा में ठेके पर फायरिंग की घटनाएं हुई थीं। इन मामलों की जांच के लिए कई टीमें गठित की गई थीं, जिनमें से एक टीम को यह बड़ी सफलता मिली। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और पुलिस उनके आपराधिक नेटवर्क को खंगालने में जुटी हुई है।

## फैक्टरी में जहरीले टैंक की सफाई के दौरान हादसा, 2 श्रमिकों की मौत, एक की हालत गंभीर

**पानीपतः** बीते शनिवार शाम पानीपत में एक टेक्सटाइल फैक्ट्री में जमीन के नीचे बने केमिकल युक्त पानी के टैंक की सफाई के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। इस हादसे में 2 कर्मचारियों की मौत हो गई है और एक गंभीर रूप से घायल हुआ है। जानकारी के अनुसार फैक्ट्री टैंक में सफाई करने उतरे राजकुमार की दम घुटने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके दो साथी कृष्ण (निवासी अतरौलपुर) और इमरान बेसुध हो गए। दोनों को सिवाह गांव के पास जीटी रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर होने पर कृष्ण को दिल्ली रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान तीसरे दिन उनकी भी मौत हो गई। वहीं, इमरान की स्थिति अब भी नाजुक बनी हुई है। रविवार को मृतक राजकुमार के परिजन बड़ी संख्या में फैक्टरी पहुंचे और फैक्टरी मालिक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए रोष जताया। इसके बाद परिजन थाना सनौली पहुंचे और वहां भी हंगामा किया। मृतक राजकुमार के पिता रोहताश ने आरोप लगाया कि फैक्टरी मालिक ने बिना किसी सुरक्षा उपकरण के राजकुमार को केमिकल टैंक की सफाई के लिए मजबूर किया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) और अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के पदाधिकारी भी थाने पहुंचे। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर फैक्टरी मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मृतक राजकुमार अपने पीछे 12 साल की बेटी और 10 साल के बेटे को छोड़ गए हैं। परिजनों का कहना है कि दोषियों को जल्द से जल्द सख्त सजा मिलनी चाहिए।

## रवि आजाद को भारतीय किसान यूनियन से निकाला, विरोध में जिला अध्यक्ष समेत पूरी टीम का इस्तीफा, इस नेता पर गंभीर आरोप



इंद्री : भारतीय किसान यूनियन (BKU) में आंतरिक कलह में यूनियन ने अपने युवा प्रदेशाध्यक्ष रवि आजाद को पद से निष्कासित कर दिया है। इस पर विरोध रोष जताते हुए इंद्री में जिला युवा अध्यक्ष नरेंद्र धूमसी समेत पूरी युवा टीम ने सामूहिक रूप से संगठन से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देने वाले प्रमुख पदाधिकारियों में हल्का सचिव सुरेंद्र शर्मा, महासचिव तेजिंद्रपाल, उपप्रधान संजय कंबोज और महासचिव सतीश मंढ़ाण शामिल हैं। इन सभी नेताओं ने सोमवार को अपने-अपने पदों से त्यागपत्र दे दिया है। जिला युवा अध्यक्ष नरेंद्र धूमसी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि रवि आजाद संगठन के एक समर्पित और निर्भीक कार्यकर्ता रहे हैं, जिन्होंने हमेशा सर्व समाज की आवाज को मजबूती से उठाया। आज वह भले ही संगठन से बाहर कर दिए गए हों, लेकिन हम सब उनके साथ हैं और आगे भी उनके साथ खड़े रहेंगे। किसान नेता रतन मान पर लगाए आरोप नेताओं ने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रतन मान पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें रवि आजाद को निष्कासन से पूर्व कारण बताओ नोटिस जारी करना चाहिए था। यूनियन के आंतरिक नियमों और लोकतांत्रिक मयार्दाओं के अनुसार किसी भी सदस्य को निष्कासित करने से पहले उसका पक्ष जानना अनिवार्य होता है। मगर बिना किसी पूर्व सूचना के एकतरफा कार्रवाई करना अन्यायपूर्ण और तानाशाहीपूर्ण रवैया है।

## मुस्लिम समाज की सराहनीय पहल, तिरंगे के साथ पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी राहत सामग्री



जींद : हरियाणा के जींद जिले में मुस्लिम समाज ने एकता और मानवता का अनूठा उदाहरण पेश किया है। पंजाब में बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए, समाज ने तिरंगे झंडे को ट्रक के आगे लगाकर राहत सामग्री भेजी। यह कार्य न केवल जरूरतमंदों की मदद का प्रतीक है, बल्कि राष्ट्रीय एकता और भाईचारे की भावना को भी दशार्ता है।

राहत सामग्री का संग्रह और प्रेषण

मुस्लिम समाज ने अपने घर-घर से सूखा राशन एकत्र किया, जिसमें आटा, दाल, चावल, चीनी, बिस्किट, तेल और अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री शामिल है। जैसे ही पंजाब में बाढ़ का जलस्तर कम हुआ, इस सामग्री को ट्रक के माध्यम से रवाना किया गया। यह ट्रक पंजाब के बाढ़ प्रभावित गांवों में हर जरूरतमंद परिवार तक राहत सामग्री पहुंचाने का कार्य करेगा।

पंजाब में बाढ़ की स्थिति

पंजाब में हाल ही में आई बाढ़ ने लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। लगभग 15 जिलों के 2,000 गांव जलमग्न हो चुके हैं, और कई परिवार सड़कों पर शरण लिए हुए हैं। पहले ऊंचे जलस्तर के कारण राहत सामग्री पहुंचाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन अब जलस्तर कम होने से खाद्य सामग्री की आपूर्ति संभव हो पाई है। जींद के मुस्लिम समाज की यह पहल ऐसे समय में महत्वपूर्ण साबित होगी, जब पीड़ितों को भोजन और अन्य जरूरतों की तत्काल आवश्यकता है।

मुस्लिम समाज प्रतिनिधि के डॉ. इस्लाम ने कहा कि पंजाब में बाढ़ ने भयावह स्थिति पैदा की, जो बहुत दुखद है। वहां के लोग भारी परेशानियों से जूझ रहे हैं। पहले पानी का स्तर इतना अधिक था कि खाने-पीने की सामग्री जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पा रही थी। अब जलस्तर कम हुआ है, और लोगों को भोजन की सख्त जरूरत है। हमने मुस्लिम समाज के प्रत्येक घर से सूखा राशन जैसे आटा, दाल, चीनी, बिस्किट आदि एकत्र किया और ट्रक के जरिए पंजाब भेजा। हमारा लक्ष्य है कि यह सामग्री हर जरूरतमंद परिवार तक पहुंचे।मदरसा शिक्षक ने कहा कि हमारा समाज हमेशा जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे रहा है। तिरंगे झंडे के साथ ट्रक रवाना करना हमें गर्व का अनुभव कराता है। पंजाब के हमारे भाई-बहनों के दुख में हम उनके साथ हैं। यह सहायता उनकी मुश्किलों को कुछ हद तक कम करेगी।"

मदरसा में पढ़ने वाली 10 वी क्लास की छात्रा ने कहा कि पँजाब में जो बाढ़ आई थी उसके लिए जींद से राहत सामग्री भेजी जा रही है क्योंकि बाढ़ की चपेट में आने से लोगो के पशु व मकानों को नुकसान हो गया।उनकी मदद के लिए राहत सामग्री भेजी जा रही है।व्यापक प्रभाव और अन्य योगदान

जींद का यह प्रयास देशभर में मुस्लिम समाज द्वारा की जा रही सहायता का हिस्सा है। सहारनपुर, मध्य प्रदेश, मेवात, दिल्ली और हरियाणा के अन्य हिस्सों से भी मुस्लिम समुदाय ने राहत सामग्री, नकद राशि और कपड़े भेजकर पंजाब के पीड़ितों की मदद की है। हरियाणा सरकार ने 20-25 ट्रक राहत सामग्री भेजी है, और केंद्र सरकार ने 1,600 करोड़ रुपये की सहायता घोषित की है।

हरियाणा के जींद जिले में मुस्लिम समाज ने एकता और मानवता का अनूठा उदाहरण पेश किया है। पंजाब में बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए, समाज ने तिरंगे झंडे को ट्रक के आगे लगाकर राहत सामग्री भेजी।

## करनाल एनएच पर दर्दनाक हादसा, पंजाब से युपी जा रही पिकअप जीप को ट्रक ने मारी टक्कर, 2 बच्चों की मौत, कई घायल



करनालः करनाल नेशनल हाईवे पर देर रात एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें महिलाओं और बच्चों से भरी एक पिकअप जीप और ट्रक की जोरदार टक्कर हो गई। इसके बाद वह पलट गई। हादसे में 2 मासूम बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 बच्चों समेत कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पिकअप में कुल 15 से 16 लोग सवार बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार ये हादसा नीलोखेड़ी के समीप समाना बहु इलाके में हुआ, जब एक अज्ञात ट्रक ने तेज रफ्तार से आकर पिकअप को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि जीप सड़क किनारे पलट गई। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया। वहीं मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि पिकअप में सवार सभी लोग पंजाब से उत्तर प्रदेश शादी में शामिल होने जा रहे थे। ये सभी मेहनत-मजदूरी करने वाले एक ही परिवार के सदस्य हैं। हादसे को लेकर पुलिस जांच अधिकारी राजकुमार ने बताया कि करनाल नेशनल हाईवे पर अज्ञात ट्रक ने पिकअप जीप को टक्कर मार दी है। इस हादसे में 2 बच्चों की मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

# हरियाणा सरकार का किसानों को नवरात्रि पर तोहफा, गेहूं बीज सब्सिडी में बढ़ोतरी



हरियाणा : हरियाणा सरकार ने नवरात्रि के शुभ अवसर पर किसानों को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार ने प्रमाणित गेहूं बीज पर दी जाने वाली सब्सिडी को बढ़ाकर 1075 रुपये प्रति क्विंटल करने का निर्णय लिया है, जो पिछले वर्ष 1000 रुपये प्रति क्विंटल थी।

प्रमाणित बीजों की बिक्री और कीमत

प्रमाणित गेहूं बीजों की बिक्री एचएसडीसी, एनएससी, हैफेड, एचएलआरडीएल, इफको, कृभको, एनएफएल जैसी सरकारी एजेंसियों के बिक्री काउंटरों के माध्यम से की जाएगी।

इस वर्ष प्रमाणित गेहूं बीज का बिक्री मूल्य 3000 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष 2875 रुपये प्रति क्विंटल था।

बढ़ी हुई कीमत का कारण गेहूं के एमएसपी में 150 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि और बीज उत्पादक किसानों को 50 रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त प्रोत्साहन दिया जाना है।

किसानों को होने वाले लाभ

कम लागतः सब्सिडी के बाद किसानों को बीज की कीमत लगभग 1925 रुपये प्रति क्विंटल पड़ेगी, जिससे प्रति एकड़ लागत करीब 1200 रुपये होगी।समय पर बुआईः सब्सिडी के चलते किसान समय पर और सस्ते दामों पर उच्च गुणवत्ता वाला बीज खरीद सकेंगे।

बेहतर उपजः प्रमाणित और उन्नत किस्मों के बीजों से रोग-प्रतिरोधी और अधिक उपज देने वाली फसलें मिलेंगी।

आर्थिक लाभः किसानों की आय बढ़ेगी और उत्पादन लागत में कमी आएगी।

गेहूं उत्पादन की स्थिति

हरियाणा में हर वर्ष लगभग 60-62 लाख एकड़ क्षेत्र में गेहूं की बुवाई होती है। राज्य में 12-14 लाख क्विंटल प्रमाणित गेहूं बीज की बिक्री होती है, जिसमें से 5.5 लाख क्विंटल बीज सरकारी एजेंसियों के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराया जाता है। शेष बीज निजी कंपनियों द्वारा बेचे जाते हैं।

हरियाणा सरकार का यह निर्णय किसानों के लिए एक सकारात्मक पहल है। इससे न केवल बीज की गुणवत्ता और उत्पादन में सुधार होगा, बल्कि किसानों की आर्थिक स्थिति को भी मजबूती मिलेगी। यह कदम खाद्य सुरक्षा और कृषि आय बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

## इन महिलाओं को नहीं मिलेगा लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ, कहीं आप भी तो नहीं शामिल

**हरियाणाः** हरियाणा सरकार ने महिलाओं के लिए नई योजना 'लाडो लक्ष्मी' शुरू करने की अधिसूचना जारी कर दी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में भाजपा सरकार ने अपने चुनावी वादे के तहत 23 वर्ष से अधिक आयु की पात्र महिलाओं को प्रति माह 2,100 रुपये की वित्तीय सहायता देने का फैसला लिया है। यह योजना 25 सितंबर से प्रभावी होगी। लाभार्थी कौन होंगे?हरियाणा की वे महिलाएं जिनकी उम्र 23 वर्ष या उससे अधिक है, इस योजना के पात्र होंगी। परिवार की वार्षिक आय 1 लाख रुपये से कम होनी चाहिए। जो महिलाएं या उनके पति अन्य राज्य से शादी के बाद हरियाणा में स्थाई रूप से पिछले 15 वर्षों से रह रही हैं, वे भी योजना का लाभ प्राप्त करेंगी। कौन महिलाएं योजना से बाहर रहेंगी? हरियाणा सरकार की अधिसूचना के अनुसार, निम्नलिखित श्रेणियों की महिलाएं इस योजना से लाभार्थी नहीं बन पाएंगीः जो पहले से बुजुर्ग पेंशन, विधवा सहायता, विकलांग सहायता, लाडली सोशल सिक्योरिटी या किसी अन्य सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ उठा रही हैं। जिन महिलाओं को राज्य सरकार से पहले से किसी प्रकार की पेंशन, भत्ता या आर्थिक सहायता मिल रही हो। सरकारी विभाग, स्थानीय निकाय या सरकारी संस्थानों में पार्ट-टाइम या फुल-टाइम नौकरी करने वाली महिलाएं, जिनके परिवार की आय 1 लाख रुपये से अधिक हो। जो महिलाएं इनकम टैक्स दे रही हों। विशेष वर्गों को मिली राहतअधिसूचना में कुछ गंभीर बीमारियों से जूझ रही महिलाओं को अन्य योजनाओं का लाभ मिलने के बावजूद 'लाडो लक्ष्मी योजना' में शामिल किया गया है।

## नवरात्रि पर हरियाणा के इस जिले में बंद रहेंगी मीट की दुकानें, उल्लंघन करने पर होगी सख्त कार्रवाई

पलवल : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर पलवल के पंचवटी चौक पर एक बुद्धिजीवी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा सरकार के खेल मंत्री गौरव गौतम रहे। इस दौरान राज्य मंत्री गौरव गौतम ने घोषणा की कि नवरात्रि के दौरान शहर में सभी मीट की दुकानें बंद रहेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियम का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ में राज्य मंत्री ने जानकारी दी कि सोमवार से धान की खरीद शुरू हो रही है। इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। नशामुक्त हरियाणा की दिशा में संकल्पइसके अलावा उन्होंने कहा, नशा समाज और परिवार दोनों को खोखला करता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार "नशा मुक्त हरियाणा" अभियान को तेजी से आगे बढ़ा रही है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और दूसरों को भी प्रेरित करने की अपील की। राज्य मंत्री ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, कांग्रेस के शासनकाल में भ्रष्टाचार चरम पर था। भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के बाद सेवा, सुशासन और गरीबों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता के साथ खड़ी है और जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। गौरव गौतम ने इनैलो नेता अभय चौटाला के एक बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री मोदी को "दुनिया का सबसे शक्तिशाली नेता" बताया

# एशिया कप सुपर फोर में आज होगा श्रीलंका और पाकिस्तान का मुकाबला

**अबुधाबी (एजेंसी)।** श्रीलंका और पाकिस्तान की टीम मंगलवार को सुपर 4 चरण में आमने-सामने होगी। दोनो ही टीमें सुपर फोर के अपने पहले की मैच में हार गयीं थी। ऐसे में दोनो का लक्ष्य इस मैच को जीतकर फाइनल की दौड़ में बने रहना होगा। गत विजेता श्रीलंकाई टीम ग्रुप चरण में एक भी मैच नहीं हारी थी पर सुपर फोर में उसे बांग्लादेश से एक रोमांचक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। इससे टी20 एशिया कप में उसके आठ मैचों के विजय अभियान को झटका लगा जिससे अब वह उबरना चाहेगी हालांकि इस मैच में वह जीत की प्रबल दावोदार मानी जा रही है क्योंकि पाक टीम का प्रदर्शन अब तक काफी खराब रहा है।

पाक टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। उसे लीग स्तर के बाद सुपर फोर में भी भारतीय टीम ने आसानी से हरा दिया। ये दोनो ही मुकाबले एकतरफा रहे और पाक बल्लेबाज व गेंदबाज कोई भी प्रभाव नहीं छोड़ पाये। इससे वह अंक तालिका में अंतिम स्थान पर है। अभी सुपर फोर में भारत और बांग्लादेश के दो अंक है पर बेहतर रनरेट के आधार पर भारतीय टीम पहले और बांग्लादेश दूसरे, श्रीलंका तीसरे व पाक चौथे नंबर पर है।

अब पाक टीम को टूर्नोमेंट में बने रहने के लिए श्रीलंका के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करनी होगी। पाकिस्तानी टीम को अब हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। हालांकि ये उसके लिए आसान नहीं होगा क्योंकि उसके बल्लेबाज और गेंदबाज अब तक असफल रहे हैं। गेंदबाजी की बात करें तो उसके लेग स्पिनर अबरार अहमद केवल ओमान और यूएई जैसी टीमों के खिलाफ ही सफल रहे और भारतीय बल्लेबाजों ने उन्हें जमकर पीटा।

दूसरी ओर श्रीलंका की बात करें तो उसका मध्यक्रम कमजोर है। दासुन शनाका ने बांग्लादेश के खिलाफ पांचवें नंबर पर अच्छी बल्लेबाजी की परन्तु ग्रुप चरण में लगातार दो अर्धशतक लगाने वाले पाथुम निसांका लय हासिल नहीं कर पाये हैं हालांकि कुसल मेंडिस और कामिल मिशारा अच्छे फॉर्म में है और टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचा सकते हैं। गेंदबाजी में उसके तेज गेंदबाज नुवान तुषारा ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है और उनका सामना करना पाक बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं होगा। इसके अलावा रहस्यमयी स्पिनर वानिंदु हसरंगा भी पाक बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने का प्रयास करेंगे। हसरंगा ने अब तक इस टूर्नोमेंट में छह विकेट लिए हैं।




**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**पाकिस्तान** ः सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमां, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन शाह अफरीदी, सुफयान मोकिम।

श्रीलंका ः चरित असलंका (कप्तान), पाथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, नुवानिदु फर्नांडो, कामिंडु मेंडिस, कामिल मिशारा, दासुन शनाका, जेनिथ लियानगे, चमिका करुणारत्ने, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, दुष्मंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना।

# 23 और 24 सितंबर को वेस्ट इंडीज के खिलाफ सीरीज के लिए भारतीय टीम का चयन करेगी बीसीसीआई : सैकिया




**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव देवजीत सैकिया ने कहा है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम का चयन 23 या 23 सितंबर को किया जाएगा। इसी के साथ ही भारतीय टीम का घरेलू सत्र शुरु होगा। पहला टेस्ट 2 अक्टूबर से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 के तहत ये भारतीय टीम की पहली घरेलू सीरीज होगी। भारतीय टीम ने 2025-27 चक्र की शुरुआत शुभमन गिल की कप्तानी में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से की थी जो 2-2 से बराबरी पर रही थी। सैकिया ने कहा कि वेस्टइंडीज सीरीज के लिए ऑनलाइन बैठक में टीम पर फैसला होगा।

सैकिया ने कहा, वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का चयन 23 या 24 सितंबर को होगा। चयन बैठक ऑनलाइन होगी। भारत और वेस्टइंडीज की टीम के बीच दूसरा टेस्ट मैच 10 अक्टूबर से 14 अक्टूबर के बीच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं ये सीरीज न चेज की कप्तानी वाली वेस्टइंडीज टीम के लिए भी नए आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में जून-जुलाई 2025 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज के बाद दूसरी सीरीज है। इस सीरीज के लिए वेस्टइडीज ने बाएं हाथ के स्पिनर खैरी पियरे को पहली बार टीम में शामिल किया है। टीम में तेगनारायण चंद्रपॉल और एलिक अथानाजे को भी जगह मिली है।

# क्विंटन डि कॉक ने संन्यास से वापसी का फैसला लिया, इस एशियाई टीम के खिलाफ खेलेंगे पहला मैच




**केप टाउन (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक ने एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास लेने का अपना फैसले वापस ले लिया है और चयनकर्ताओं उन्हें पाकिस्तान दौरे के लिए एकदिवसीय और टी-20 टीमों में शामिल किया गया है। इसके साथ ही वह नामीबिया के साथ एकमात्र टी20 मैच भी खेलेंगे।

डी कॉक ने 2023 के एकदिवसीय विश्व कप के बाद 50 ओवर के क्रिकेट से संन्यास ले लिया था,और दक्षिण अफ्रीका के लिए उनका आखिरी सीमित ओवरों का मैच बारबाडोस में 2024 का टी-20 विश्व कप फाइनल था। हालांकि उन्होंने आधिकारिक तौर पर टी-20 से संन्यास नहीं लिया। इस बीच वह हाल ही में समाप्त हुई सीपीएल सहित दुनिया भर की टी-20 लीगों में सक्रिय रहे हैं।

वर्तमान मुख्य कोच शुकरी कॉनराड ने डी कॉक के साथ चर्चा की है और कहा है कि उन्होंने फिर से राष्ट्रीय टीम के लिए प्रतिबद्धता जताई है। कॉनराड ने कहा, 'क्विंटन की सफेद गेंद वाली टीम में वापसी हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। जब हमने पिछले महीने उनके भविष्य के बारे में बात की थी, तो यह स्पष्ट था कि उनमें अभी भी अपने देश का प्रतिनिधित्व करने की तीव्र महत्वाकांक्षा है। हर कोई जानता है कि वह टीम में क्या गुण लाते हैं और उनकी वापसी से टीम को ही फायदा होगा।' अपने एकदिवसीय संन्यास के समय डी कॉक ने संकेत दिया था कि 2027 में दक्षिण अफ्रीका के घरेलू विश्व कप को देखते हुए, उन्हें वापसी के लिए मना लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस समय मुझे ऐसा होता नहीं दिख रहा है। लेकिन आप कभी नहीं जानते। जिदगी में अजीबोगरीब चीजे होती हैं। यह एक संभावना हो सकती है, लेकिन मुझे नहीं लगता।

# पाक बल्लेबाज फरहान ने बंदूक की तरह बल्ले को लहराया , भारतीय प्रशंसक भड़के

**दुबई (एजेंसी)।** एशिया कप के सुपर फोर मैच में भी पाकिस्तान को भारतीय क्रिकेट टीम के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में पाक बल्लेबाज फरहान ने अर्धशतक पूरा करने के बाद उसे बंदूक की तरफ लहराया जिससे विवाद को गया। इसका एक विडियो भी आया है, इससे पता चलता है कि पाक टीम की सोच कैसी है। पाक में बंदूके मिलना आसान है और देश भर में आतंकी खुलेआम घूमते रहते हैं। यही कारण है कि खेल में भी बंदूक के अंदाज में खिलाड़ी जश्न मना रहे हैं। बहरहाल फरहान की इस शर्मनाक हरकत की प्रशंसकों ने कड़ी आलोचना की है। जैसे ही फरहान का जश्न का अंदाज सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। उनकी आलोचना शुरु हो गयी। लोगों के अनुसार फरहान ने इस प्रकार का जश्न मना कर भारतीय टीम और प्रशंसकों को चिढ़ाया है।




फरहान के ऐसे आक्रामक जश्न से साफ है कि पाक में लोगों को लोगों को आतंकवाद ही पाठ पढ़ाया जाता है।

पाक ने खेल के मैदान में भी नफरत और दुश्मनी का माहौल बना दिया है। फरहान का बल्ला जब बंदूक की तरह लहराया, तो सभी ने साफ देख लिया कि पाक खिलाड़ी भी आतंकी मानसिकता से भरे हैं, जो उनके यहां आम बात है। खेल के मैदान में पिटने के बाद भी वह आतंकी चेहरा दिखाने से बाज नहीं आते। यही कारण है कि फरहान ने बल्ले बो बंदूक की तरह लहराया।

ये तब होता है देश मे आतंकवाद का माहौल और संस्कृति हो। इसी कारण आतंकियों को पनाह देने वाले पाक खिलाड़ी भी खेल के मैदान में आतंकी सोच का प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे खेल में पाक लगातार पीछे जा रहा है। वहीं इससे पहले भारतीय टीम के कप्?तान सूर्यकुमार यादव ने लीग मैच में मिली जीत सेना और पहलगाम हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को समर्पित की थी। भारतीय टीम ने पहले मैच की तरह ही सुपर फोर के मुकाबले में भी पाक खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया और न ही उनसे किसी भी प्रकार का संपर्क किया ।

# बांग्लादेश की टीम अब भारत के खिलाफ खेलने के लिए तैयार

दुबई ।बांग्लादेश की टीम एशिया कप 2025 के सुपर-4 मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ मिली जीत से उत्साहित है।श्रीलंका के खिलाफ मैच विजेता पारी खेलने वाले युवा सलामी बल्लेबाज सैफ हसन का कहना है कि अब उनका ध्यान भारत के खिलाफ 24 सितंबर को होने वाले मैच पर रहेगा।इसके बाद उसे 25 सितंबर को सितंबर को पाकिस्तान से खेलना है।बांग्लादेश ने श्रीलंका को एक गेंद शेष रहते चार विकेट से हराया जिसके बाद से ही टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है।सैफ के अनुसार उनकी टीम को फाइनल में पहुंचने का भरोसा है।साथ ही कहा कि टीम यूएई यह मानकर ही पहुंची थी।सैफ ने कहा, हां, बिल्कुल, हमें फाइनल में पहुंचने का पूरा भरोसा है, यहां आने से पहले, सभी को भरोसा था कि हम फाइनल खेलेंगे।अब हम एक कदम आगे हैं और अभी हमारे लिए दो मैच और बाकी हैं, और हमारा अगला ध्यान सिर्फ अगले मैच पर है।

# हरभजन ने पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री के साथ दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया


कोलकाता ।पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने कोलकाता में एक दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया है।हरभजन ने पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री अरूप विश्वास के साथ मिलकर अशोक नगर इलाके के एक दुर्गा उत्सव पूजा पंडाल का उद्घाटन किया।इस अवसर पर हरभजन ने मां दुर्गा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए कोलकाता के लोगों के प्यार एवं सम्मान के लिए आभार जताया।उद्घाटन समारोह हरभजन ने कहा, सबसे पहले मैं मां दुर्गा का प्रणाम करते हुए जिन्होंने मुझे यहां तक पहुंचाया।खेल मंत्री अरूप विश्वास के इस प्रकार सम्मान देने के लिए मैं उनका धन्यवाद देता हूं।मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं कि मैं यहां आया।कोलकाता में मुझे हमेशा बहुत प्यार मिलता है।



मैं यही कामना करता हूं कि मां दुर्गा सब पर अपनी कृपा बनाए रखें और सभी खुश रहें। हरभजन ने दुर्गा पूजा के महत्व को लेकर कहा, दुर्गा पूजा एक ऐसा उत्सव है, जिसका हम सभी को बेसब्री से इंतजार रहता है।मां दुर्गा की पूजा हर जगह होती है पर कोलकाता में इसे एक भव्य त्योहार के रूप में मनाया जाता है।यह मां का आशीर्वाद है कि मैं आज यहां मौजूद हूं।हरभजन सिंह ने दादा के नाम से लोकप्रिय पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल होने पर कहा, गांगुली मेरे लिए बड़े भाई जैसे हैं।जीवन में एक ऐसा व्यक्ति होता है, जो कठिन वक्त में आपका साथ देता है और आपके हाथ को थामता है।मेरे लिए दादा वही व्यक्ति हैं।मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं और उनकी जीत की कामना करता हूं।

# शोएब अख्तर ने पाक टीम को जमकर फटकार लगायी, 200 रन बनाते तो भी हारते

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने एशिया कप में भारतीय टीम के हाथों मिली करारी हार पर पाक टीम को जमकर फटकार लगायी है।अख्तर ने कहा कि पाक टीम अगर 200 रन भी बना लेती तो भी हारती।अख्तर ने सुपर 4 में भारतीय टीम के हाथों पाकिस्तान की छह विकेट से करारी पर कहा कि जिस प्रकार से गेंदबाजी करारी गयी उससे तो हारना तय था।इस मैच में पाक टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए साहिबजादा फरहान के अर्धशतक की सहायता से पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 171 रन बनाए थे।इस लक्ष्य को भारतीय टीम ने 19 वें ओवर में ही चार विकेट खोकर हासिल कर लिया।



पाक टीम को लगा था कि 171 रन काफी हैं पर भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाजों अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने आक्रामक बल्लेबाजी कर मैच उनके हाथ से छीन लिया।इन दोनो की 105 रन की शुरुआती साझेदारी से भारतीय टीम ने 18.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।अख्तर ने कहा अगर इस टीम के पास 200 रन होते तो उसको भी उसके गेंदबाज उसका बचाव नहीं कर पाते। डिफेंड नहीं कर पाते. अख्तर ने मैच के बाद एक टीम को आड़े हाथों लिया और कहा, 卐अगर फहीम से ही गेंदबाजी करानी थी तो नई गेंद से कराना चाहिये था। सैम अयूब की जगह उनको बुलाते तो शायद लाभ मिलता। अबरार मुख्य गेंदबाज था पर उससे पहले पार्ट टाइम गेंदबाज अयूब आ रहा है। साथ ही कहा कि आपकी गेंदबाजी लाइन अप बेहद खराब थी।

# भारत ने 24 घंटे के अंदर पाकिस्तान को दूसरी बार हराया, दर्ज की शानदार जीत

**स्पोर्ट्स डेस्क ।** भारत और पाकिस्तान की खेलों की दुनिया में प्रतिद्वंदिता किसी से छुपी नहीं है। चाहे क्रिकेट का मैदान हो या फुटबॉल का। एक तरफ दुबई में एशिया कप 2025 के सुपर-4 मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया, तो दूसरी तरफ श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन (स्नस्न) अंडर-17 चैंपियनशिप में भारतीय युवा फुटबॉलरों ने पाकिस्तान पर 3-2 से जीत दर्ज की। इन दोनों जीत ने साबित कर दिया कि भारत हर मैदान पर पाकिस्तान पर भारी पड़ रहा है।

सोमवार 22 सितंबर को कोलंबो में खेले गए SAFF अंडर-17 चैंपियनशिप के ग्रुप बी मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 3-2 से हराकर अपने ग्रुप में पहला स्थान हासिल किया। मैच की शुरुआत से ही भारतीय टीम ने आक्रामक रवैया दिखाया। 31वें मिनट में डलालमुओं गंगटे ने गोल दागकर टीम इंडिया को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि पाकिस्तान ने 43वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।



दूसरे हाफ में भारत ने एक बार फिर बढ़त बनाई। 63वें मिनट में गुनलीबा वांगखेराकपम ने शानदार गोल किया और स्कोर 2-1 कर दिया। लेकिन पाकिस्तान ने हार मानने के बजाय फिर वापसी की और 70वें मिनट में हमजा यासिर ने गोल करके स्कोर 2-2 कर दिया। पाकिस्तान की यह खुशी ज्यादा देर तक कायम नहीं रही। केवल 3 मिनट बाद ही 73वें मिनट में रेहान अहमद ने भारत के लिए तीसरा गोल दाग दिया और टीम को 3-2 की बढ़त दिला दी। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने बेहतरीन डिफेंस खेलते हुए पाकिस्तान को बराबरी का मौका नहीं दिया।

पूरे 90 मिनट के खेल के बाद भारतीय टीम विजेता बनी और तीनों ग्रुप मैच जीतकर शीर्ष पर रही। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है जहां उसका सामना नेपाल से होगा। वहीं पाकिस्तान की टीम हार के बावजूद सेमीफाइनल में पहुंच गई है और उसका मुकाबला बांग्लादेश से होगा।

भारत की यह जीत खास इसलिए भी है क्योंकि SAFF अंडर-17 चैंपियनशिप में उसका प्रदर्शन ऐतिहासिक रहा है। टीम इंडिया अब तक सबसे ज्यादा 6 बार यह खिताब जीत चुकी है और मौजूदा चैंपियन भी है। पाकिस्तान जहां केवल एक बार ही चैंपियन बना है, वहीं भारत अब 7वीं बार खिताब जीतने की दहलीज पर खड़ा है।

## राशिद ने सलमान की कप्तानी पर सवाल उठाये

लाहौर ।पाकिस्तान की टीम के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ ने सुपर फोर में भारतीय टीम के खिलाफ मिली हार के के बाद कप्तान सलमान अली आगा की जमकर आलोचना करते हुए उनकी कप्तानी पर ही सवाल उठा दिये।पाक टीम को लीग मैच में सात जबकि सुपर फोर में छह विकेट से हार मिली है।एशिया कप 2025 में ये पाकिस्तान की लगातार दूसरी हार है।पाक को पिछले सात मैचों में भारतीय टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है।लतीफ ने कहा है कि इस मैच में हमारी बल्लेबाजी लचर थी।टीम बीच के ओवरों में 37 गेंदों तक एक भी चौका तक नहीं लगा पायी।लतीफ ने कहा, पाकिस्तान शुरुआत में अच्छी बल्लेबाजी कर रहा था पर अचानक से स्थिति खराब कैसे हो गई? उसने आक्रामक होने के प्रयास किये बिना ही हार मान ली।टीम ने बीच के ओवरों में आक्रमण करने की कोशिश क्यों नहीं की, ये समझ से परे है।सैम अयूब के आउट होने तक मैच पाक के हाथ में था पर चौथे नंबर पर उतरे हुसैन तलत ने साहिबजादा फरहान के साथ 17 गेंदों में केवल 17 रन की बनाये जिससे मैच में टीम पिछड़ गयी।

# जोहोर कप : भारतीय जूनियर टीम की कप्तानी करेंगे रोहित



नयी दिल्ली।डिफेंडर रोहित मलेशिया में हो रहे सुल्तान जोहोर कप टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी करेंगे और उनका लक्ष्य पिछली बार के कांस्य पदक से बेहतर प्रदर्शन करना होगा।टूर्नामेंट 11 अक्टूबर से शुरू होकर 18 अक्टूबर को खत्म होगा और यह 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर विश्व कप की तैयारी के लिए अहम होगा।भारत को 11 अक्टूबर को ब्रिटेन से खेलना है जबकि 12 अक्टूबर को सामना न्यूजीलैंड से होगा। भारत और पाकिस्तान का सामना 14 अक्टूबर को होगा जबकि आस्ट्रेलिया से 15 अक्टूबर को मैच है।राउंड रॉबिन चरण में आखिरी मैच 17 अक्टूबर को मलेशिया से खेलना है। राउंड रॉबिन चरण से शीर्ष दो टीमें 18 अक्टूबर को फाइनल खेलेंगी।भारत के कोच पी आर श्रीजेश ने कहा, 'टीम सुल्तान जोहोर कप की अच्छी तैयारी कर रही है। हमारे पास अच्छी टीम है और जूनियर विश्व कप को देखते हुए यह तैयारी का अच्छा मौका होगा जिसमें मजबूत टीमों के खिलाफ खुद को आंक सकेंगे।'

**टीम** ःगोलकीपर : ब्रिकमजीत सिंह, प्रिंसदीप सिंह

डिफेंडर : रोहित (कप्तान), तालेम प्रियब्रत, अनमोल इक्का, आमिर अली, सुनील पीबी, रवनीत सिंह

मिडफील्डर : अंकित पाल, टी इंगेलम्बा लुवांग, अद्रोहित इक्का, अराइजीत सिंह हुंडल, रोशन कुजूर , मनमीत सिंह

फॉरवर्ड : अर्शदीप सिंह, सौरभ आनंद कुशवाहा, अजीत यादव, गुरजोत सिंह

स्टैंडबाय : विवेक लाकड़ा, शारदानंद तिवारी, टी किंगसन सिंह, रोहित कुल्लू, दिलराज सिंह।

# 'वह क्रिकेट की दुनिया में तहलका मचाने जा रहा है', अश्विन ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बाद इस खिलाड़ी की तारीफ की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के खिलाफ अभिषेक शर्मा की शानदार पारी ने पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन और केविन पीटरसन को आश्चर्यचकित कर दिया। भारतीय ऑफ स्पिनर ने तो यहां तक कह दिया है कि यह युवा खिलाड़ी 'भारत के लिए सीमित ओवरों के क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक' बन जाएगा। अभिषेक की 39 गेंद पर 74 रन की ताबड़तोड़ पारी से भारत ने रविवार को एशिया कप के सुपर चार चरण के मुकाबले में पाकिस्तान को आसानी से छह विकेट से मात दी। अभिषेक ने इस पारी में धैर्य और आक्रमण का शानदार मिश्रण दिखाते हुए कमाल के शॉट लगाए।

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'मैं आपको बताना चाहता हूं कि यह अभिषेक शर्मा का आगमन नहीं है। यह तो बस शुरुआत है। उसने अभी-अभी शुरू किया है और उसका भविष्य बहुत लंबा है। वह क्रिकेट की दुनिया में तहलका मचाने जा रहा है।' अश्विन ने 23 साल के अभिषेक की तारीफ करते हुए कहा कि वह अपने गुरु युवराज सिंह की विरासत को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा, 'यह बात लिख लीजिए। उनमें बहुत क्षमता है। जिस तरह से युवराज सिंह सीमित ओवरों में भारत के लिए सबसे शानदार खिलाड़ियों में से एक रहे हैं अभिषेक के पास भी सीमित ओवरों के प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बनने की क्षमता है। वह उस स्तर तक आसानी से पहुंच सकते हैं। मुझे लगता है कि वह युवराज की विरासत को आगे बढ़ाएंगे। वह एक अद्भुत प्रतिभा हैं।'

अभिषेक की पारी में छह चौके और पांच छक्के शामिल थे, लेकिन अश्विन के लिए उनके शॉट लगाने की कलात्मकता सबसे अलग थी। इस खब्बू बल्लेबाज ने पारी के आठवें ओवर में सईम अयूब के खिलाफ महान महेंद्र सिंह धोनी के अंदाज में 'हेलीकॉप्टर शॉट' जैसे स्ट्रोक के साथ चौका जड़ा। अश्विन ने कहा, 'अभिषेक शर्मा ने धोनी की तरह हेलीकॉप्टर कवर ड्राइव मारा। हर कोई उनके पांच छक्कों की बात करेगा, लेकिन मैं इस कवर ड्राइव के बारे में बात करना चाहता हूं, क्योंकि यह काफी दिलकश शॉट था।'

अभिषेक ने अपने बचपन के दोस्त शुभमन गिल के साथ 105 रन की साझेदारी कर भारत की जीत की नींव रखी। वह टूर्नामेंट के मौजूदा सत्र में सबसे ज्यादा (173) रन बनाने वाले बल्लेबाज है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने भी अभिषेक के कसीदे गढ़े। पीटरसन ने 'एक्स' पर लिखा, 'अभिषेक शर्मा अलग स्तर का खिलाड़ी है। वह ऐसा



खिलाड़ी है जो कभी-कभी असफल होगा और ऐसे शॉट पर आउट होगा जिसकी काफी आलोचना होगी। वह अपने करियर में लाखों लोगों के चेहरों पर मुस्कान और खुशी लाएंगा क्योंकि वह दुनिया भर के गेंदबाजों के खिलाफ तेजी से रन बटोरेगा। उनकी आंखें में रनों की भूख दिखती है। दोस्त, इस तेवर को बनाए रखो।'

# मैकमिलन के मार्गदर्शन में बेहतर प्रदर्शन के लिए अभ्यास कर रही न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम

चेन्नई ।न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में शुरु हो रहे विश्वकप में कोच क्रेग मैकमिलन के मार्गदर्शन में उतरेगी।न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम विश्वकप में बेहतर प्रदर्शन के लिए अभ्यास में लगी है। भारतीय हालातों के अनुकूल ढ़लने के लिए टीम पहले ही यहां पहुंच गयी थी।मैकमिलन को बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण बनाये जाने से भी टीम में उत्साह है।नई भूमिका के तहत मैकमिलन का काम महिला टीम को बेहतर बनाना रहेगा।इस बीच वह कमेंट्री और अन्य प्रतिबद्धताओं से दूर रहेंगे।क्रेग इससे पहले पार्ट-टाइम करार पर कोच थे पर अब उन्हें पूरे समय के लिए कोच बनाया गया है।मैकमिलन साल 2024 में यूएई में हुए आईसीसी टी20 विश्व कप की खिताबी जीत के समय भी टीम के साथ थे।मैकमिलन ने कहा, इस भूमिका में होना मेरे लिए बेहद खास है।महिला क्रिकेट लगातार मजबूत हो रहा है।उन्होंने कहा, पिछला साल बहुत जल्दी बीत गया।मुझे उस टीम का हिस्सा होने का हर पल बहुत अच्छा लगा, जो लगातार बेहतर होती जा रही है, टीम एक-दूसरे को चुनौती देती है और विश्व मंच पर खास प्रदर्शन करती है।मैकमिलन ने बताया कि विश्व कप को लेकर न्यूजीलैंड की तैयारियां जोरों पर हैं।चेन्नई में ट्रेनिंग कैंप में भी टीम के खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है।





# प्रभास की फौजी में अभिषेक बच्चन की एंट्री!

**तेलुगू सिनेमा के पैन इंडिया सुपरस्टार प्रभास की फिल्म फौजी को एक नई जानकारी आई है। चर्चा है कि डायरेक्टर हनु राघवपुडी की यह एक्शन-ड्रामा फिल्म अब और भी रोमांचक होने वाली है, क्योंकि इसमें अभिषेक बच्चन की एंट्री हुई है। प्रभास इन दिनों फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। खबर है कि जल्द ही अभिषेक भी उनके साथ शामिल होंगे। हालांकि, फिल्म से अभिषेक के जुड़ने को लेकर अभी तक कोई अधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है।**

रिपोर्ट के मुताबिक, अभिषेक बच्चन और प्रभास फौजी में स्क्रीन शेयर करते नजर आने वाले हैं। हनु राघवपुडी ने अभिषेक बच्चन से एक अहम भूमिका निभाने के लिए संपर्क किया है। इस पर अभी बातचीत चल रही है और सब कुछ ठीक रहा, तो अभिषेक जल्द ही प्रभास को शूट के लिए जॉइन करेंगे। यह तेलुगू सिनेमा में अभिषेक बच्चन का डेब्यू होगा।

## फौजी का 400 करोड़ का बजट और प्लॉट

फौजी, प्रभास के सबसे दिलचस्प प्रोजेक्ट्स में से है। चर्चा है कि यह फिल्म द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान की एक रोमांटिक ड्रामा है। यह एक सैनिक की यात्रा है, जो महाकाव्य की तरह भव्यता लिए हुए होगी और कहानी में भावनाओं का भी पुट होगा। इस ऐतिहासिक एक्शन फिल्म में प्रभास एक सैनिक की भूमिका में नजर आएंगे। विशाल चंद्रशेखर इसके लिए संगीत दे रहे हैं। फिल्म का बजट भी 400 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।

## सेट से लीक हुई फोटो तो मेकर्स ने दे दी चेतावनी

फौजी को लेकर बीते दिनों तब चर्चा और फैंस की उत्सुकता और बढ़ गई थी, जब अगस्त में शूटिंग लोकेशन एक तस्वीर लीक हुई थी। हालांकि, इसके बाद फिल्म के निर्माता माइथ्री मूवी मेकर्स ने चेतावनी भी जारी की। प्रोडक्शन हाउस ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, हमने देखा है कि आप में से बहुत से लोग सेट से तस्वीरें शेयर कर रहे हैं। हम आपको बेहतरीन अनुभव देने की कोशिश कर रहे हैं, पर इस तरह के लीक टीम का मनोबल गिराते हैं। ऐसी तस्वीरें शेयर करने वाले किसी भी अकाउंट को न सिर्फ रिपोर्ट कर उसे बंद करवाया जाएगा, बल्कि उसे साइबर अपराध मानकर उचित कार्रवाई भी की जाएगी।



# अनीत पड्डा ने काटा कियारा का पत्ता!

**सैयारा की सफलता के बाद अनीत पड्डा लोगों की नजरों में हैं। सब उनके दीवाने हुए जा रहे हैं। इस बीच खबरें आ रही हैं कि अनीत ने कियारा आडवाणी को रिप्लेस कर दिया है।**

अपनी फिल्म सैयारा की सफलता से एक्साइटेड अनीत पड्डा रातोंरात मशहूर हो गईं और उनके अगले प्रोजेक्ट को लेकर लोगों की भी खुशी बढ़ गई। हाल ही में, ऐसी खबरें आईं कि वह दिनेश विजन की मैडॉक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की आगामी फिल्म शक्ति शालिनी में लीड रोल प्ले करेंगी। हालांकि, अब मेकर्स ने एक आधिकारिक बयान दिया है। शुक्रवार को, मैडॉक फिल्म्स ने इंस्टाग्राम पर इन अफवाहों को खारिज करते हुए एक बयान शेयर किया, जिसमें लिखा था, हालांकि हम अपने हॉरर-कॉमेडी जगत के उत्साह को सचमुच महत्व देते हैं, हम यह बिल्कुल स्पष्ट करना चाहते हैं कि शक्ति शालिनी और महा मुंज्या सहित आगामी चैप्टर्स की कास्टिंग से जुड़ी कोई भी रिपोर्ट पूरी तरह से अटकलें हैं। हम मीडिया से गलत सूचनाओं से बचने और हमारी आधिकारिक घोषणाओं का इंतजार करने का आग्रह करते हैं। कैप्शन में आगे लिखा था, लगातार समर्थन और समझ के लिए धन्यवाद।

## अनीत पड्डा ने कियारा को किया रिप्लेस!

स्पष्टीकरण के बावजूद, फैंस अनीत पड्डा के पक्ष में खड़े रहे। एक यूजर ने कमेंट किया- वैसे, अनीत एक बेहतरीन ऑप्शन होतीं। एक ने लिखा- अगर आपने अभी तक अनीत को कास्ट नहीं किया है तो प्लीज उन्हें कास्ट कर लीजिए। एक तीसरे ने लिखा- अनीत सबसे अच्छी पसंद हैं क्योंकि वह एक टैलेंटेड एक्ट्रेस हैं। वहीं, कुछ फैंस ने उनकी जगह कियारा आडवाणी को रोल में देखने की इच्छा जताई।

## शक्ति शालिनी में कियारा!

एक सूत्र ने बताया, अनीत पड्डा पिछले दो महीनों से शक्ति शालिनी के लिए बातचीत कर रही थीं, क्योंकि दिनेश विजन अपनी दुनिया में नई ऊर्जा भरना चाहते थे। उन्हें सैयारा में अनीत का काम बहुत पसंद आया और उन्होंने हॉरर-कॉमेडी की दुनिया का अगला अध्याय उन पर बनाने का फैसला किया। इससे पहले, मुंबई स्थित मैडॉक फिल्म्स के ऑफिस में देखा गया था, जिसके बाद कियारा आडवाणी का नाम इस प्रोजेक्ट से जुड़ा था। हालांकि, अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



## इसी बैनर की फिल्मों ने मचाया धमाल

मैडॉक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की शुरुआत अमर कौशिक की स्त्री (2018) से हुई थी। बड़ी सफलता के बाद, वरुण धवन और कृति सेनन की भेड़िया (2022) आई, जिसने फ्रैंचाइजी को और आगे बढ़ाया। 2024 में, स्त्री 2 ने बॉक्स-ऑफिस के रिकॉर्ड तोड़ दिए, दुनिया भर में 857.15 करोड़ की कमाई की और भारतीय सिनेमा में एक बड़ी फ्रैंचाइजी बनकर उभरी। और भी कई फिल्में पहले से ही लाइन में हैं।




# हर्षवर्धन राणे ने किया आमिर का समर्थन

**बॉलीवुड में इन दिनों कलाकारों और उनकी टीम के खर्च को लेकर एक बड़ी बहस चल रही है। अब अभिनेता हर्षवर्धन राणे ने भी इस बहस पर अपनी बात रखी है। यह एक ऐसी चिंता है जिसे हाल के महीनों में कई फिल्म निर्माताओं और सितारों ने उठाया है। हाल ही में आमिर खान ने भी इस मुद्दे पर अपनी राय रखी थी। अब हर्षवर्धन राणे ने आमिर का समर्थन करते हुए इस मामले पर अपनी राय दी है। अभिनेता ने कहा कि वह निर्माताओं पर खर्च का बोझ डालने के बजाय खुद अपने कर्मचारियों के लिए भुगतान करेंगे।**



हर्षवर्धन ने आमिर खान की उस टिप्पणी का समर्थन किया, जिसमें अभिनेता ने खुद्दारी का जिक्र करते हुए इस मुद्दे को उठाया था। हाल ही में आमिर ने सवाल करते हुए कहा था, 'इतनी खुद्दारी नहीं है? मुझे यह बेहद अजीब लगता है।' अब हर्षवर्धन राणे इसी मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। हर्षवर्धन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में लिखा, 'खुद्दारी है सर। मैं अपने निर्माता को अपनी टीम के लिए भुगतान नहीं करने देने की प्रतिज्ञा करता हूं। हिंदी और दक्षिण इंडस्ट्री के दिग्गजों से प्रेरित होकर, जो टीम की ऊंची लागतों की ओर इशारा करते रहे हैं, मैं निर्माताओं के साथ खड़ा रहूंगा।'



## वरुण ने भी उठाया था मुद्दा

इस समय इंडस्ट्री में यह मुद्दा गर्माया हुआ है। आमिर के अलावा हाल ही में अभिनेता वरुण धवन ने भी इस पर अपनी राय रखी थी। वरुण ने कहा था कि इसका दोष पूरी तरह से अभिनेताओं पर नहीं मढ़ा जा सकता। अगर मैं सभी प्रोडक्शन हाउस को अपना समझने लगूं, तो सभी निर्माताओं को भी परिवार के सदस्यों की तरह व्यवहार करना होगा। ऐसा नहीं होता। हम अभिनेताओं को दोष देते रह सकते हैं। कहानियां और ब्लाइंड आइटम सामने आते हैं और हमें ट्रोल किया जाता है। सारा कीचड़ अभिनेताओं पर ही फेंका जाता है। हमें अच्छे निर्माता भी चाहिए। उन्हें सेट पर एक सहयोग करने वाला पारिवारिक माहौल बनाना चाहिए। अगर कोई अभिनेता अभी भी घमंडी है, तो उसके साथ काम न करें।




# लुक को लेकर हुई ट्रोलिंग पर अनन्या का ट्रोलर्स को दिया जवाब

हाल ही में मालदीव से छुट्टियां मनाकर लौटीं अनन्या पांडे आर्यन खान की डेब्यू सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' के प्रीमियर पर पहुंचीं। इस दौरान अनन्या की टैन बॉडी नजर आई। सफेद रंग के आउटफिट में अनन्या का फेस तो ग्लो कर रहा था, लेकिन उनकी बॉडी टैन नजर आ रही थी। इसी को लेकर सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। कई यूजर्स ने अनन्या के बॉडी टैन की आलोचना की और इसे नकली तक कह डाला। अब अनन्या ने बड़े ही सलीके से इन ट्रोलिंग पर जवाब दिया है।

'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' के प्रीमियर पर जब अनन्या सफेद रंग के स्टाइलिश आउटफिट में पैपराजी के सामने पोज देने पहुंचीं, तो कई लोगों ने उन्हें ट्रोल किया। उनकी टैन बॉडी को लेकर सोशल मीडिया पर यूजर्स ने तरह-तरह के कमेंट किए। कुछ ने इसे नकली टैन बताया, तो कुछ ने कहा कि जुहू बीच पर घूमने के एक दिन बाद यह हाल होता है। अब अनन्या ने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए इन ट्रोलिंग पर जवाब दिया है। अनन्या ने इसी इवेंट की एक क्लिप अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की। इसके साथ ही अनन्या ने कैप्शन में लिखा, 'मैं टैन की प्रशंसक हूं। अनन्या ने इसके अलावा भी उस इवेंट के कुछ एक वीडियोज अपनी स्टोरी पर शेयर किए हैं। अनन्या के इस जवाब की कई प्रशंसक सराहना भी कर रहे हैं।

## 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' में नजर आएंगी अनन्या

वर्कफ्रंट की बात करें तो अनन्या पांडे को आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' में देखा गया था। इस फिल्म में उन्होंने वकील की भूमिका निभाई थी। अनन्या के आने वाले प्रोजेक्ट्स में फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' शामिल है। इस फिल्म में उनके साथ कार्तिक आर्यन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म इस साल के आखिरी में 31 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।



# मुझे लगता था मैं इंडस्ट्री के लिए फिट नहीं हूं


करियर के शुरुआती दौर में ही दोस्ताना 2 और बेधड़क जैसी जोरशोर से लॉन्च हुई अपनी फिल्मों के डिब्बाबंद होने का गम झेलने वाले एक्टर लक्ष्य ने आखिरकार फिल्म किल से बड़े पर्दे पर धमाकेदार एंट्री मारी। वहीं, अब वह साल की सबसे चर्चित वेब सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड में नजर आ रहे हैं। शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की इस डेब्यू डायरेक्टोरियल सीरीज में वह असल जिंदगी की ही तरह एक आउटसाइडर से स्टार बनने वाले युवा एक्टर की भूमिका में हैं। आउटसाइडर होने का एक खामियाजा और एक ताकत पूछने पर लक्ष्य बताते हैं, खामियाजा यही था कि मुझे लगता था कि शायद यह दुनिया मेरे से काफी परे है। शायद मैं इसे समझ नहीं पाऊंगा। ये भाषा नहीं बोल पाऊंगा, तो खुद को इस दुनिया के हिसाब से बदलने की कोशिश कर रहा था, ताकि इसका हिस्सा बन सकूं। वो भाषा बोलकर, वो कपड़े पहनकर या उन जगहों पर जाकर, जो यहां का कल्चर है, मैं उसमें फिट होने की कोशिश कर रहा था। लक्ष्य ने कहा, मुझे बाद में अहसास हुआ कि नहीं यार, यही तो मेरी ताकत है कि मैं दिल्ली से हूं। 12वीं पास हूं। मेरे पापा एक प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं, मम्मी बुटीक चलाती हैं। यही तो मेरी पहचान है, मैं उसे क्यों खो रहा हूं? तो जब मैंने उसे अपनाया तो वही मेरी ताकत बन गया। अब मैं अब सेट हूं और अपने साथ खुश हूं।


### जिद थी कि टिके रहना है

अपनी शुरुआती दो बड़ी फिल्मों दोस्ताना 2 और बेधड़क के बंद हो जाने की निराशा को कैसे हैंडल किया? इस पर लक्ष्य ने कहा, एक जिद थी कि करना तो कुछ बड़ा ही था। पीछे जाने का कोई रास्ता ही नहीं था तो सोच यही थी कि टिके रहो, जो मेहनत कर रहे हो वो करते रहो, आज नहीं तो कल, कल नहीं तो परसों, एक दिन तुम्हारा वक्त आएगा ही, वो इंतजार की बात होती है। फिर, जितना समय लगता है ना चीजें होने में, वो आपको उतना ही लंबा चलने के लिए तैयार करती हैं। उसका फल उतना ही मीठा होता है।

### एक जिद है कि अपने को साबित करना है

जैसे, बैड्स ऑफ बॉलीवुड के लिए हम सबने तीन साल इंतजार किया है। आर्यन (आर्यन खान) ने तो उससे भी ज्यादा इंतजार किया है। वह तो उससे पहले से लिख रहा है, तो यह शो हम सबकी सालों की मेहनत, जिद और गुस्से का नतीजा है। एक जिद है कि अपने को साबित करना है। हम सब वो गुस्सा और जिद पाल रहे थे। मेरा डायरेक्टर (आर्यन) अपना गुस्सा और जिद पाल रहा है। मैं कह सकता हूं कि पुराना जो सारा दुख और गुस्सा था, वो इस शो ने सब भर दिया।



## एनर्जी से भर देती हैं शाहरुख सर की बातें

एक इवेंट पर शाहरुख खान लक्ष्य को हीरो वाली एंट्री करना सिखाते दिखे। लक्ष्य की जिंदगी पर शाहरुख खान का क्या असर रहा है? इस पर लक्ष्य ने बताया, जब मेरी फिल्म किल का शूट चल रहा था, तो हर दिन ऐक्शन, मारकाट करते-करते 40-50 दिन के बाद मेरा शरीर टूट गया था। हिम्मत नहीं होती थी। मन करता था कि आज बोल दूं कि बीमार हूं, उस वक्त मैं शाहरुख सर के भाषण और उनके टेड टॉक सुनता था। वो सुनकर एक अलग ही एनर्जी आ जाती है। एक आग सी जल जाती है तो जिस दिन ऐसा लगता है कि मन अटपटा है, कुछ अच्छा नहीं लग रहा है तो उनकी स्पीच सुन लेता हूं। शो में अपने किरदार की तैयारी के लिए भी शाहरुख सर के बहुत सारे इंटरव्यू देखे थे, ताकि उनमें जो चार्म और मचिस्मो है वो लेकर आ पाऊं।

## बॉलीवुड में क्या होना चाहिए बदलाव?

बॉलीवुड में ऐसा क्या बदलाव किया जाए ताकि वह बैड्स के बजाय बेस्ट बन जाए? यह पूछने पर लक्ष्य का जवाब था, इंस्टाग्राम बंद कर दो, तो अपने आप अच्छी फिल्में बनने लगेंगी। अभी होता क्या है कि लोग दिख क्या रहा है, चल क्या रहा है, यह ज्यादा सोचते हैं। जबकि, इस दिख क्या रहा है की जगह अगर इस चीज पर फोकस किया जाए कि हम बना क्या रहे हैं, बनाना क्या चाहते हैं तो चीजें बहुत बदल जाएंगी।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 2442 42 से प्रकाशित।
संपादक- अनुज कुमार, R.N.I.No.- UPHIN/25/RAA18, मो0.945688 4327, E-mail- officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।